

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शनिवार 02 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-213 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बांटने वाले भी यही लोग और काटने वाले भी यही: अविमुक्तेश्वरानंद

**कवर्धा, 2 नवंबर।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि बांटने वाले भी यही लोग हैं, और काटने वाले भी. अभी हम बंटे नहीं हैं, अभी हम इकट्ठा हैं. उत्तराखंड के जोशीमठ स्थित ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती इन दिनों कवर्धा के प्रवास पर हैं. इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि 'बटेंगे तो कटेंगे' यह संभावना है नारे में, बटेंगे तब न कटेंगे. आखिर क्यों बटेंगे. उन्होंने कहा कि पूरे देश में हम गोमाता के प्रश्न को लेकर गए थे. सभी यहां गोमाता के लिए एक हैं. हर जगह हमने नारा लगाया 'गाय हमारी माता है' तो जितने लोग इकट्ठे थे, सभी बोले 'गाय हमारी भी माता है.' जब हमारी सब की माता एक है, तो कहां से बाटेंगे. एक माँ के बच्चे कहाँ तक बाटेंगे और एक ही रहने वाले हैं.

### मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल का निधन

**मुंबई,2 नवंबर।** मशहूर डिजाइनर रोहित बल का 1 नवंबर को निधन हो गया. 63 साल के डिजाइनर को पिछले साल दिल की बीमारी हुई थी. रोहित बल को भारतीय फैशन जगत में एक ट्रेंडसेटर के रूप में जाना जाता था, उनके डिजाइन ने मानदंडों को चुनौती दी. वे पारंपरिक सौंदर्यशास्त्र को समकालीन स्वभाव के साथ सहजता से मिश्रित करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक फैशन रुझानों के साथ जोड़ने के लिए जाने जाते थे. स्वास्थ्य समस्याओं के कारण पिछले कुछ सालों से फैशन की दुनिया से दूर रहे रोहित बल कुछ हफ्ते पहले लैक्मे फैशन वीक में फैशन सर्किट में वापस आए थे.

### पीएम आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष का निधन

**नई दिल्ली,2 नवंबर।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय की आकस्मिक मौत हो गई है। वह 69 वर्ष के थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुख जताते हुए लिखा, डॉ. बिबेक देबरॉय के निधन से देश ने एक प्रख्यात बुद्धिजीवी को खो दिया है, जिन्होंने नीति निर्माण से लेकर हमारे महान ग्रंथों के अनुवाद तक, विविध क्षेत्रों को समृद्ध किया। भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य के बारे में उनकी समझ असाधारण थी। उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। मैं उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷डॉ. बिबेक देबरॉय जी एक प्रखर विद्वान थे, जो अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों के माध्यम से, उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। सार्वजनिक नीति में अपने योगदान के अलावा, उन्हें हमारे प्राचीन ग्रंथों पर काम करने और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाने में भी आनंद आता था।

### खंभे से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो की मौत

**राजनांदगांव,2 नवंबर।** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां नगर निगम के सामने सुबह 4 बजे तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। वहीं मामले में आगे कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार दो युवक नशे में धुत होकर बाइक से कही जा रहे थे, तभी नगर निगम के सामने एक विद्युत खंबे से जा टकराए, हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही की मौत हो गई। मृतक दोनों युवक शहर के स्टेशन पारा क्षेत्र के निवासी थे।

# राजधानी में 4 दिनों के भीतर 6 की हत्या, हड़कंप

**रायपुर,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर के देवार पारा में नशे में धुत बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर दी। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात कृष वर्मा की हत्या हुई है। वह अपने मोहल्ले देवार पारा में घूम रहा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर नशे में धुत युवकों ने कृष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में कृष बुरी तरह से घायल हो गया। सीने पर जख्म के निशान हैं। वहीं सीने पर उसके 786 गुदा हुआ है। आसपास के लोगों ने फौरन तेलीबांधा पुलिस को सूचना दी। कृष को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, 4 आरोपियों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि, 2 युवक को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, 2 आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। इस वारदात के पीछे क्या वजह थी ये अभी साफ नहीं हो पाया है। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश में तेलीबांधा थाना पुलिस जुट गई है।



मृतक

राजधानी रायपुर हत्या की एक और वारदात से सहम गया है। बीते 4 दिनों के भीतर सिर्फ रायपुर में ही हत्या की 6 वारदात सामने आ चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं के बाद पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है। जिससे पुलिस प्रशासन और लॉ एंड ऑर्डर पर सवालिया निशान खड़ा हो रहे हैं। ताजा मामला भाठागांव Bsup कॉलोनी का है जहां कॉलोनी में रहने वाले दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में संजय यादव नमक युवक की मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुरानी बस्ती थाने का घेराव किया है। लगातार हो रही घटनाओं के बाद पूरे शहर में हड़कंप मचा हुआ है। बाद में दूसरी भाई की भी मौत हो गई। रायपुर के उरला क्षेत्र में 19 वर्षीय नारायण देवांगन की हत्या एक पुराने विवाद के चलते की गई। 17 वर्षीय नाबालिग ने चाकू से नौ वार कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया।बाद में पुलिस ने उसे पकड़कर हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि दोनों इंस्टाग्राम पर रील्स बनाते थे और दोस्त थे, लेकिन नारायण द्वारा बार-बार अपशब्द कहे जाने से आरोपी नाराज था। खम्हारडीह थाना क्षेत्र के अवंती विहार में एक सनसनीखेज हत्या की घटना हुई है। सक्सेना नर्सिंग होम के सामने 72 वर्षीय रत्नेश्वर बनर्जी पर जानलेवा हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मौत हो गई। इस हमले में उनकी पत्नी माया बनर्जी भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। खम्हारडीह थाना इलाके के कचना स्थित रहेजा निर्वाणा सोसाइटी का है। यहां एक ठेकेदार प्रेम साहू ने जेसीबी चालक सुंदरलाल साहू की हत्या कर दी। उसने सुंदरलाल साहू पर लकड़ी के बत्ते से हमला कर दिया। इससे सुंदरलाल साहू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही खम्हारडीह पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई कर रही है। रायपुर के रेलवे स्टेशन पर दो नाबालिगों ने मिलकर चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या कर दी। आरोपियों में एक लड़की भी शामिल है। युवक के गले और सीने पर वार किया गया है। इनके बीच पैसों को लेकर पुराना विवाद था, जिसे लेकर हत्या की गई है। वहीं वारदात के बाद आधे घंटे तक जमीन पर लहूलुहान पड़ा युवक दर्द से तड़पता रहा, जिसके बाद जीआरपी पहुंची।

### आपसी रंजिश पर चाकूबाजी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी हुई है। यहां एक निगरानी बदमाश शिवम कुमार उर्फ मच्छी तांडी को चाकू मारकर जानलेवा हमला किया है। जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर बूढ़ी माता मंदिर के पीछे का है। जहां आरोपी अमर बाघ ने अपने साथियों के साथ मिलकर निगरानी बदमाश शिवम कुमार उर्फ मच्छी तांडी पर चाकू से जानलेवा हमला किया है। कमर और पैर में चाकू मारा है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, गाड़ियों में तोड़फोड़

**रायपुर 2नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



रायपुर में दिवाली पर बड़ा बवाल हुआ है। राजधानी के सकरी गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। घटना में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर के सकरी गांव में आपसी विवाद में दो पक्ष के लोग आपस में भिड़ गये। आपसी विवाद के चलते भीड़ ने 2 परिवारों पर जानलेवा हमला कर दिया। पूरा मामला रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस दौरान असामाजिक तत्वों की भीड़ ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों और सामान में तोड़फोड़ भी की। इधर, पुलिस की टीम सूचना के बाद मौके पर पहुंची और मामला को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक असामाजिक तत्वों की भीड़ ने एक घर में आग भी लगा दी। घटना के वक्त घर में बच्चों और बुजुर्ग समेत 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे। घर वालों ने किसी तरह से भागकर जान बचायी। घर के बाहर खड़ी गाड़ियों और सामान में तोड़फोड़ की गयी है।

### कोटमसर गुफा खोलने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**जगदलपुर,2 नवंबर।** बस्तर के कांगेर वेली नेशनल पार्क में स्थित कोटमसर गुफा अपनी नैसर्गिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है. हर साल की तरह इस साल भी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यटकों के लिए खोलने का निर्णय लिया गया था. लेकिन अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों ने इसे खोलने के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन किया है, जिसके बाद इस साल कोटमसर गुफा को खोलने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. बता दें, जब कोटमसर (कुटुम्बसर) गुफा को खोलने के लिए प्रबंधक वहां पहुंचे, तो उन्हें स्थानीय ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में पर्यटक निराश होकर लौट गए.

## दामाखेड़ा आश्रम में उपद्रवियों ने फेंका बम, पत्थरबाजी, 11 आरोपी गिरफ्तार

### प्रकाश मुनि के पुत्र पर जानलेवा हमला

**बलौदाबाजार,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में फिर से एक बड़ा बवाल हुआ है. दिवाली की जश्न के बीच बीती रात कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम दामाखेड़ा में फटाखा फोड़ने को लेकर बड़ा विवाद हो गया. इस दौरान उपद्रवियों ने आश्रम के अंदर बम फेंका और पत्थरबाजी भी की. घटना की गंभीरता को देखते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा रात में ही आश्रम पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है. वहीं सुरक्षा की दृष्टि से दामाखेड़ा आश्रम पर पुलिस बल तैनात किया गया है. यह मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है. प्रकाशमुनि के पुत्र उदितमुनि साहब पर जान लेवा हमला किया गया है।पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर की रात लगभग 09.45 बजे कुछ आरोपी, जिनमें दुर्गेश देवांगन और प्रताप साहू शामिल हैं, लाठी, डंडा और बम पटाखों के साथ आश्रम में जबरदस्ती प्रवेश कर गए. आरोप है कि उन्होंने वहां जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गालियां दीं और बम पटाखा फेंक दिया. इसके साथ ही पत्थरबाजी भी की गई.

सिमगा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने धारा 191(2), 193(3), 190, 331, 296, 351(3), 298 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है. मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. फिलहाल, दामाखेड़ा आश्रम पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति नियंत्रण में है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार, प्रकाश मुनि जी की शिकायत पर पुलिस ने दामाखेड़ा के सरपंच पति सहित अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज किया है. वहीं 11 लोगों को गिरफ्तार किया है और पुछताछ कर रही है वही घटना के बाद सरपंच पति फरार हो गया है. सरपंच पति पर पूर्व में भी संस्कृति विभाग द्वारा मेले के लिए दिये गए दस लाख रूपये गबन करने का आरोप लगा था. इस मामले में जनपद पंचायत सिमगा के तात्कालीन सीईओ और सरपंच सहित सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया था. तब से विवाद की स्थिति बनी हुई थी.



पुलिस ने घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का बल लगा या है वही एडिशनल एस पी एश्वर्या चंद्राकर ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षा को लेकर पुलिस बल लगाया गया है 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है. अभी स्थिति शांतिपूर्ण है तथा नियंत्रण में है.

### बिल्डिंग के नीचे लगी भीषण आग, 5 गाड़ियां और 1 साइकिल जलकर खाक

**दुर्ग,2 नवंबर।** भिलाई के सेक्टर 2 के सड़क 16 की एक बिल्डिंग के नीचे आज सुबह तड़के भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया. इस आगजनी में 5 गाड़ियां और 1 साइकिल जलकर खाक हो गई. आग की यह घटना सुबह 4 से 5 बजे के बीच हुई, जब पास के एक बीएसपी कर्मी ने ड्यूटी पर जाते समय नीचे जलती हुई गाड़ियों को देखा और तत्काल आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी. आगजनी की सूचना मिलते ही लोगों ने फौरन बाहर आकर आग बुझाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया. बीएसपी की फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ियां और साइकिल पूरी तरह से जल चुकी थी. आग की लपटें पास के चार क्वार्टर तक पहुंच गई और नीचे लगे मीटर व बिजली के कनेक्शन वाले स्थान पर शॉर्ट सर्किट के कारण पूरा केबल जलकर राख हो गया. लोगों का कहना है कि यह घटना किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाए जाने के कारण हुई हो सकती है. हालांकि, भट्टी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह घटना शॉर्ट सर्किट से हुई या फिर किसी ने जानबूझकर शरारत की है.

## रायपुर से अभनपुर तक चलेगी दो मेमू लोकल ट्रेन

**रायपुर,2 नवंबर।** राजधानी से नया रायपुर के लिए रेलवे और एनआरडीए के सयुक्त अभियान से दो मेमू लोकल ट्रेन का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना में करीब 548 करोड रुपए खर्च आएगा। यह ट्रेन नया रायपुर से अभनपुर तक चलाई जाएगी। ट्रेन रायपुर से सुबह 9.00 बजे रवाना होकर 9.37 मिनट में अभनपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में आठ बोगी होगी। रेलवे के वरिष्ठ अफसर अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि 548 करोड रुपए की लागत से रायपुर से नया रायपुर के सीबीडी स्टेशन तक चलने वाली दो प्रमुख लोकल ट्रेन यात्रियों को काफी लुभाएगी। इस ट्रेन में 8 कोच होगें जो राजधानी से नया रायपुर में 37 मिनट में यात्रियों को पहुंचाएगी। एक ट्रेन शाम 4.20 को छूट कर 4.57 बजे तक नया रायपुर पहुंचेगी, वही ट्रेन शाम 5.30 बजे अभनपुर पहुंचेगी। ट्रेन का परिचालन शुरू होने से यात्रियों के राशि और समय दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को बस किराया 45 रुपए देना पड़ता है लोकल ट्रेन में 10 रुपए किराया यात्रियों को देना पड़ेगा, लोकल ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को 35 रुपए की बचत होगी। उन्होंने बताया कि रायपुर से छूटकर मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी स्टेशन नया रायपुर, केंद्री स्टेशन मैं ठहरने के बाद अभनपुर पहुंचेगी। रायपुर से नया रायपुर जाने वाले यात्री भी इस

## राज्योत्सव के बाद धान खरीदी

**रायपुर,2 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में नवंबर का महीना खुशियों और सौगात से भरा महीना होता है. किसान और अन्नदाता नवंबर महीने का इंतजार बेसब्री से करते हैं. क्योंकि यह महीना धान तिहार का महीना होता है. हर साल समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होती है. इस खरीदी की रकम से किसान मालामाल होते हैं. यही वजह है कि किसान धान खरीदी को लेकर पूरी तैयारी में रहते हैं. दूसरी ओर किसान के साथ साथ सरकार भी धान खरीदी को लेकर उत्साहित रहती है. किसी भी पार्टी की सरकार हो वह धान खरीदी का ऐलान हर साल करती है. इसकी पूरी व्यवस्था की जाती है. मंत्रिमंडलीय समिति का गठन होता है. उसमें धान खरीदी से जुड़े सभी तथ्यों को लेकर समीक्षा होती है. उसके बाद फिर सरकार इस पर मुहर लगाकर धान खरीदी का ऐलान करती है. छत्तीसगढ़ में इस बार धान खरीदी की निर्धारित तिथि 14 नवंबर रखी गई है. 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी की जाएगी. धान खरीदी को लेकर जो भी खरीदी केंद्र छत्तीसगढ़ में बनाए गए हैं. वहां इलेक्ट्रॉनिक तुलाई मशीन का इस्तेमाल किया गया है. इस वर्ष धान खरीदी को लेकर कुल 30 हजार गठान बारदाने की व्यवस्था की गई है. धान खरीदी के लिए किसानों ने 31 अक्टूबर 2024 तक रजिस्ट्रेशन कराया है. किसानों के तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गई है. सरकार भी अपनी ओर से सारे इंतजाम कर रही है. जिससे किसानों को धान खरीदी में किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े.

## सड़क दुर्घटना में 5 की मौत

**रायपुर 2नवंबर ।** भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। घटना रायपुर के अभनपुर थाना क्षेत्र की बनायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक दो लोगों की हालत गंभीर भी बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर के अभनपुर क्षेत्र में ये दर्दनाक हादसा हुआ है। घटना के बाद तत्काल स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही कुछ कह पाने की स्थिति में होगी।



**बेमेतरा में तीन की मौत-** बेमेतरा में दो बाइक में आपस में भिड़ंत भी हुई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, बेमेतरा के भेड़नी सांवतपुर के रास में ये घटना हुई है। बताया जा रहा है कि दोनो बाइक की भिड़ंत इतनी जोरदार थी एक युवक की तो मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। फिलहाल अन्य घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जिसका इलाज जारी है।

## कांग्रेस ने स्वीकारोक्ति, उन्होंने जनता को गुमराह किया: रविशंकर

**नई दिल्ली,2 नवंबर।** कर्नाटक सरकार की 'शक्ति योजना' को लेकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आई प्रतिक्रिया ने भाजपा को हमला करने का ऐसा मौका दे दिया है, जिसे वह पूरे चुनाव के दौरान भुनाएगी. इस बयान के बाद भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि पहली बार कांग्रेस ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जनता को गुमराह किया है. रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया है कि हमें केवल उन्हीं वस्तुओं के लिए घोषणा करनी चाहिए, जिनके लिए हमारे पास बजटीय प्रावधान और वित्तीय उपलब्धता हैज् क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राहुल गांधी को यह सबक सिखाया है? राहुल गांधी घोषणाएं करने में विशेषज्ञ हैं, और वह ऐसा करते रहते हैं. भाजपा नेता ने हिमाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने राज्य सरकार के कर्मचारियों को अपना वेतन नहीं लेने के लिए कहा है. उन्होंने कहा, 'हिमावल प्रदेश में घोषणाओं और वादों का क्या हुआ? हालांकि, वहां के सीएम ने राज्य सरकार के कर्मचारियों से कहा है कि वे अपना वेतन न लें. वे शौचालयों पर भी कर लगाने की योजना बना रहे थे, लेकिन इस पर विवाद के बाद उन्हें अपना फैसला वापस लेना पड़ा. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सिर्फ घोषणाएं करती है, ओर वोट की खातिर जनता को बेवकूफ बनाती है. ÷ये सिर्फ घोषणाएं करते हैं और वोट के लिए जनता को मूर्ख बनाते हैं, और फिर वे अपने वादों को पूरा नहीं करते हैंज् कर्नाटक में उन्होंने (कांग्रेस) पांच गारंटी की घोषणा की. आज वे मुफ्त बरा योजना (शाक्ति) की समीक्षा करने की बात कर रहे हैंज् भाजपा हमेशा उन वादों को पूरा करती है जो हम करते हैं.उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आज अपने अध्यक्ष के माध्यम से स्वीकार किया है कि कांग्रेस ने हमेशा जनता को घोखा देने की कोशिश करने की बात की है. उन्होंने कहा, 'पहती बार कांग्रेस ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जनता को गुमराह किया है. क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक और हिमाचल प्रदेशा में जो हो रहा है, उसके लिए माफी मांगेंगे?ज. भारत सरकार महाराष्ट्र और झारखंड में भी ऐसा ही करेगी और जनता को गुमराह करेगी. मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए. इससे पहले आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव के लिए जाने वाली कांग्रेस इकाइयों को सलाह दी कि वे अपने बजट के आधार पर गारंटी की घोषणा करें. खड़गे ने चेतावनी दी कि एक अनियोजित दृष्टिकोण वित्तीय कठिनाइ?यों का कारण बन सकता है, और

## टोनही कहने पर युवक की हत्या

**दुर्ग,2 नवंबर।** दुर्ग जिला में रात को एक युवक की पड़ोसियों ने इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वो पड़ोस की महिला को टोनही बुलाता था। मोहन नगर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। मोहन नगर थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय ने बताया कि मामला थाना अंतर्गत उरला क्षेत्र का है। बीते बुधवार देर रात वहां राजपूत और मानिकपुरी दो पड़ोसियों के बीच जमकर विवाद हुआ। लोगों ने बताया कि दोनों के बीच काफी समय से विवाद अचा आ रहा है। अक्सर उनके बीच झगड़ा हो जाता था। बुधवार रात विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गाली गलौच से होते हुए हाथापाई तक पहुंच गया। बात बढ़ने पर भूपेंद्र सिंह राजपूत पिता रिषी सिंह राजपूत (50 साल) टंगिया लेकर पड़ोसी को मारने दौड़ा। इस पर खेलदास मानिकपुरी उसका बेटा छम्मन दास मानिकपुरी और मां सतोषी बाई मानिकपुरी भी लाठी डंडा और टंगिया लेकर मारने दौड़े। उन लोगों ने भूपेंद्र सिंह को घेरकर बुरी तरह मारा। कई जगह टंगिया से वार से वो बुरी तरह घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उसे घायल हालत में जिला अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मोहन नगर पुलिस ने सभी संदेहियों को हिरासत में ले लिया गया है। सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है। थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय ने बताया कि भूपेंद्र सिंह छम्मन की मां संतोषी बाई मानिकपुरी को अक्सर टोनही कहकर बुलाता था। उसका कहना है कि उसकी मां के टोना लेने से उसकी पत्नी बीमार रहती है। बुधवार को भूपेंद्र ने छम्मन की मांग को टोनहरी बुलाकर बुराभला कहा था।

## राजधानी के नाकोड़ा ज्वेलर्स में भीषण आग

### आस-पास की दुकानें भी आई चपेट में



**रायपुर,2 नवंबर**

राजधानी रायपुर के पंडरी क्षेत्र स्थित नाकोड़ा ज्वेलर्स में बीती रात भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. दमकल विभाग की दो गाड़ियों की सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि पूरी दुकान जलकर खाक हो गई. वहीं ज्वेलर्स की दुकान से सटी दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं, जिसमें चार दुकानों में लगी आग लगी है. यह घटना रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है. आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है, हालांकि राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ज्वेलर्स शॉप में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है. पंडरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह घटना हुई.

## पंजाब नेशनल बैंक के लॉकर से सोना गायब

**भिलाई,2 नवंबर।** भिलाई में पंजाब नेशनल बैंक के लॉकर से सोना गायब हो गया है। इसे लेकर लॉकर धारक ने बैंक में जमकर हंगामा मचाया। उसने आरोप लगाया कि उसके लॉकर से सोना गायब हो गया है, जबकि लॉकर की चाबी उसी के पास थी। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है। भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि बुधवार दोपहर को उनके पास सूचना आई की एक व्यक्ति और उसके परिजन सिविक सेंटर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में काफी हंगामा कर रहा है।उनका आरोप है कि बैंक के लॉकर से उनके सोने की चोरी हुई है। खबर मिलते ही टीआई अपनी टीम के साथ पहुंचे। वहां उन्होंने ममता पुरोहित और अजय पुरोहित से बात की। उन्होंने बताया कि वह कुछ समय के लिए अमेरिका गए थे। अमेरिका जाने से पहले उन्होंने दो पैकेट में सोने के गहने लॉकर के अंदर रखे थे। जब वहां से लौटे और लॉकर खोला तो उसके अंदर एक ही पैकेट रखा है। टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि बैंक के मैनेजर का कहना है कि लॉकर की दो चाबियां होती हैं। इसमें एक चाबी बैंक के पास और दूसरी लॉकर धारक के पास होती है। लॉकर कभी भी एक चाबी से नहीं खुल सकता है। अगर दूसरी चाबी की डुप्लीकेट चाबी भी बना ली जाए, तब भी लॉकर नहीं खुल सकता है। बैंक मैनेजर का कहना है कि लॉकर से सोना चोरी होने का आरोप गलत है। अगर पुलिस को शंका है तो वह CCTV फुटेज चेक कर लें, जो जांच करना है वह कर लें।

एक नजर



## बीएसपी प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**भिलाई, 2 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार को 31 अक्टूबर को उनकी सेवानिवृत्ति पर स्टील क्लब, सेक्टर-8 में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में भावभीनी विदाई दी। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार को सम्मानित किया। कनरार के साथ उनकी पत्नी श्रीमती सुतापा कनरार भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रवींद्रनाथ सपत्निक उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने बीएसपी प्रबंधन की ओर से तरुण कनरार को विदाई दी और सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। दासगुप्ता ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में उनकी लंबी सेवा अवधि के दौरान उनके सराहनीय योगदान के लिए कनरार की सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपने सेवा अनुभव और भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

## कोमा में फैले उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी और घर-घर सर्वे करने के निर्देश

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कोमा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेसिया द्वारा बैठक कर समीक्षा एवं ग्राम कोमा में फैले उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी सहित घर-घर जाकर सर्वे करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिसमें प्रभावित मरीजों का उपचार सहित बचाव एवं रोकथाम करना तथा सर्वे की रिपोर्ट प्रति दिवस दो बार सर्वेकर सर्वे टीम चिकित्सा दल द्वारा घर घर भ्रमण कर उच्च कार्यालय को प्रेषित करना संबंधित निर्देश दिए गए एवं गंभीर मरीज को तत्काल रेफर कर अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार चालू कराना। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू एवं सीईओ फकीर चरण पटेल द्वारा प्रभावित ग्राम का दौरा कर सर्वे टीम एवं स्वास्थ्य शिविर मे जाकर चिकित्सक से जानकारी लिया गया एवं दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्राम सरपंच सविता गोस्वामी एवं आमजन से स्वच्छता तथा संक्रमित जल स्त्रोत को बंद कर टैंकर से शुद्ध पेयजल के लिए अनुरोध किया गया एवं ग्राम पंचायत कोमा में लगे स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक उपचार करने हेतु निर्देश दिया गया है एवं गंभीर मरीजों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करने के लिए चिकित्सा दल को निर्देश दिया गया। चिकित्सीय टीम को दिन एवं रात में शिविर लगाकर उपचार करने सहित प्रति दिवस जानकारी प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## छात्रावासी बच्चों को ट्रैक सूट और जूता का वितरण

**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद में छात्रावासी बच्चों के दिवाली त्योहार के पूर्व अधीक्षक द्वारा ट्रैक शूट और जूता का वितरण किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग के द्वारा संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास और आश्रमों में प्रतिवर्ष छात्रावासी बच्चों को शिष्यवृत्ति की बच्चा राशि के कॉपी, किताब, पेन, स्कूल बैग, जूता, मोजा, ट्रैकशूट आदि आवश्यक चीजें प्रदाय करने का पिछले वर्ष से प्रावधान है, जिसके अंतर्गत पूरे सत्र के दौरान बीच में बीच में बचत राशि के अनुसार सामग्री का वितरण किया जाना होता है। शासन की इस निर्देश के पालन में प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद के बच्चों को संस्था के अधीक्षक मदन कुमार चौधरी द्वारा दिवाली के पूर्व जूता मोजा और ट्रैक शूट का वितरण किया गया।छात्रावासी में दूरस्थ पिछड़े अंचलों के बच्चे आकर निवास करते है और यही रहकर आसपास की स्कूलों में अपना शिक्षा प्राप्त करते है, ऐसे में बच्चों को छात्रावास में रहने खाने के साथ ही साथ इस तरह आवश्यकता की सामग्री भी मिलने से आजकल सभी छात्रावासी बच्चों में सकारात्मक विचार बने रहते है साथ ही छात्रावास में रहकर अच्छी पढ़ाई करने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है।

# विधायक भावना बोहरा के गृह ग्राम रणवीरपुर में सेमरहा के 24 बच्चों ने मनाई दीपावली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 नवंबर।** दीपावली के अवसर पर विधायक भावना बोहरा के गृह ग्राम रणवीरपुर में उनके साथ सेमरहा के सभी 24 बच्चों, जिनके अभिभावक के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जिम्मेदारी स्वयं उठाई है उन्होंने पूरे उत्साह के साथ ग्राम रणवीरपुर में दीपावली मनाई और अतिशबाजी देखा। इसके साथ ही उन्होंने भावना बोहरा के साथ भोजन किया एवं दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इस वर्ष की दीपावली मेरे लिए बहुत ही खास व भावनाओं से भरा हुआ है। वे सभी बच्चें मेरे परिवार का एक हिस्सा हैं और आज उनके साथ दीपावली मनाकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। उनके साथ अतिशबाजी भी की और भोजन कर मैनें व मेरे पूरे परिवार ने उनका मुंह मीठा कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। बच्चों के चेहरों पर आई खुशी देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता हुई कि हमारे इस प्रयास से उन सभी 24 बच्चों के जीवन मे एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिन भावनात्मक परिस्थितियों व मानसिकता से वे गुजरें हैं उसे कम करने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उस दुखद हादसे के बाद उन बच्चों के लिए यह पहली दीपावली थी। ऐसे में कहीं न कहीं वो सभी बच्चे अपने अभिभावकों की कमी को महसूस न करें,इसलिए आज सहपरिवार हमने उनके साथ दीपावली का पर्व मनाया। हमने उन सभी बच्चों के अभिभावक के रूप में उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जो जिम्मेदारी ली है उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध है विदित हो कि इसके पूर्व भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों के साथ मुलकात कर उन्हें मिठाई बांटी। उनके प्रयासों से पहली बार उन सभी बच्चों ने विधानसभा की कार्रवाई देखि और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर के मॉल में गेम्स खेले, अपने लिए नए कपड़े खरीदें और मन पसंद भोजन किया। अपने जन्मदिन के अवसर पर भी विधायक भावना बोहरा ने उन बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया और बच्चों ने उन्हें तोहफे भी दिए।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई




**भिलाई, 2 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अक्टूबर 2024 माह में कुल 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 08 कार्यपालक व 76 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। 30 अक्टूबर को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा तथा उप महाप्रबंधक सही राम जाखड़ ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# डिप्टी सीएम ने गन्ना किसानों को दिवाली पर बोनस राशि के चेक का किया वितरण, किसानों ने जताया आभार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 2 नवंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीपावली मिलन समारोह के दौरान गन्ना किसानों को बोनस राशि का चेक वितरित किया, जिससे किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। बोनस राशि की यह पहल राज्य सरकार की ओर से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके जीवन में समृद्धि लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गन्ना किसानों ने दीपावली से पहले बोनस राशि मिलने पर छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि बोनस राशि से उनकी दीपावली की खुशियां दोगुनी हो गई हैं, और अपने परिवार के साथ उत्सव को और अधिक उल्लास के साथ मना पाएं है। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हमेशा किसानों के हितों के प्रति सजग और समर्पित है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और उनकी प्रगति से ही हमारा राज्य सशक्त बनेगा। इस बोनस राशि के माध्यम से हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। समारोह में गन्ना किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। उपमुख्यमंत्री ने सभी किसानों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, , पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी,, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू , कवर्धा शहर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय , प्रबंध संचालक गौरी शंकर शर्मा सहित समस्त किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसपी के सतर्कता विभाग ने किया मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



भिलाई, 2 नवंबर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के लिए विगत दिनों बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सहयोग से विजिलेंस-क्वेस्ट-2024 नामक मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और प्रतियोगिता के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए दर्शकों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सतर्कता विभाग द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजनों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ज्ञान, त्वरित सोच और खेल भावना का प्रदर्शन किया। विजिलेंस-क्वेस्ट-2024 प्रतियोगिता में वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन और एए के वेंकट प्रसाद राव की टीम विजेता रही। वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री सोनल श्रीवास्तव और जेईसी सुश्री प्रीति रावत की टीम ने द्वितीय स्थान तथा सहायक महाप्रबंधक उमेश साहू और जेईए रंजन गोस्वामी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता को सभी की शानदार प्रतिक्रिया मिली। प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में 20 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से 6 टीमों को अंतिम दौर के लिए चुना गया। कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक दोनों की संयुक्त टीमों के रूप में भागीदारी को सुविधाजनक बनाते हुए प्रतियोगिता को तैयार किया गया था। कार्यक्रम के क्विज मास्टर सह निर्णायक सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी और सहायक महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल ने सत्र का संचालन किया।

# अफसरों ने वार्डों में किया मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन

**महासमुंद।** नगरीय निकाय निर्वाचन के प्रारंभिक मतदाता सूची नामावली का भौतिक सत्यापन के लिए शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय ने बीएलओ के साथ नयापारा एंव सुभाष नगर वार्डों का मौका निरीक्षण कर प्रारंभिक मतदाता सूची सत्यापन किया। इस दौरान बीएलओ से मतदाता सूची में दावा-आपत्ति आदि की जानकारी लेकर कहा कि जिन मोहल्ले में मतदाता इधर से उधर हुऐ है उन मतदाताओं को त्रुटि रहित कर वोटर लिस्ट तैयार करें। 20 से अधिक घरों का भौतिक सत्यापन करने के बाद एसडीएम पैकरा ने कहा कि निर्वाचन विभाग की मंशा है कि सभी को चुनाव लड़ने का अवसर मिले और निष्पक्ष तथा निर्भीक चुनाव हो जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदाता सूची में गड़बड़ी करने वाले किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी ने मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन नम्बर का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय, गुमान सिंह ध्रुव, ललित साहू, चंद्रशेखर पाटकर, शुभम सोना आदि उपस्थित रहे।

बधाई




## सिटीजन समिति ने विधानसभा अध्यक्ष और डिप्टी सीएम को गुलदस्ता भेंटकर दिवाली की बधाई दी

**कवर्धा।** विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा को से दीवाली मिलन मिलन समारोह में सीनियर सिटीजन समिति अध्यक्ष मदन तंबोली सहित सदस्यों ने गुलदस्ता भेंटकर दिवाली की बधाई दी ।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली पर्व



भिलाई, 2 नवंबर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में कमलासनधारी, वैकुंठवासिनि श्री महालक्ष्मी जी के सृष्टि पर आगमन,रौशनी, खुशी, दीपों के महापर्व दीपावली को बड़े ही उमंग उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि दीपावली पर्व में हम सभी घर के कोने कोने की सफाई करते हैं और दीपों से घर को सजाते हैं । ठीक इसी प्रकार मन में आने वाले व्यर्थ, निगेटिव, निर्बल रूपी विचारों की सफाई कर दिव्य गुणों का आह्वान कर श्री महालक्ष्मी समान धन, धान्य, खुशी, सर्व के प्रति शुभकामनाओं रूपी अखुट खजानों से सदा संपन्न बनना है। पुराने दुख देने वाले संस्कारों की सफाई कर नए सुख देने वाले दिव्य गुणों की धारणा हो हमारे जीवन में। पीस ऑडिटोरियम की मनमोहक सजावट, बाबा के कमरे (मेडिटेशन रूम) के शांति के प्रकंपन, श्री महालक्ष्मी जी की विशाल रंगोली मानो सभी को कह रही हो कि अब धरा पर श्री लक्ष्मी नारायण के राज्य का आगमन होने वाला है। प्रातः राजयोग सत्र पश्चात ब्रह्माकुमारी आशा दीदी द्वारा परमात्म को भोग स्वीकार कराया गया। तपश्चात सभी ब्रह्माकुमारी दीदियों द्वारा दीपक जलाए गए। इस अवसर पर डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया,जिसमें सभी ब्रह्मवतसों ने भी साथ में उमंग उत्साह से दैवीय संस्कार मिलन की स्मृति में उमंग उत्साह से दीपावली पर्व की खुशियां मनाई।

# आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर चलाया जा रहा मच्छर उन्मूलन अभियान



भिलाई, 2 नवंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर पांचो जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे हैं । जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की टीम बनाई गई है, जो बस्तियों में जाकर निरीक्षण करते हैं। संबंधित परिवार को समझाइश देते हैं । रैली निकालते हैं, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश देते हैं कि किस प्रकार से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखा जावे । नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन पुरानी बस्ती के आस-पास कूलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफोस, जला आईल आदि का छिड़काव किया जा रहा है। उसके साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करते हुए बता रहे हैं कि पानी को उबालकर पिए, शुद्ध ताजा भोजन करें। बाहर के बासी खाद्य सामग्री खाने से बचें, किसी प्रकार की उल्टी-दस्त, कंपकंपी के साथ बुखार आदि होने पर नजदीक के शासकीय अस्पताल में डॉक्टर को दिखाकर दवा लेवें। अपने मन से मेडिकल स्टोर से दवा लेने से बचें, स्वयं से सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है। अभियान के दौरान जोन के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, विरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर 11 हजार दीपों से रौशन हुआ एकात्म पथ

**रायपुर,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ राज्य की 24 वीं वर्षगांठ और दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय नया रायपुर के एकात्म पथ पर आयोजित 11,000 दीपों के प्रज्वलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से दीप प्रज्वलित कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। यह आयोजन राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और एकता का प्रतीक है, जिससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया । दीपों की रौशनी से नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ, जो राज्य के गौरव को बढ़ाएगा । इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, गुरु श्री खुशवंत साहेब, श्री इंद्र कुमार साहू,





मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद और श्री बसव राजू एस.सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर एकात्मपथ में 11 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर नया रायपुर के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ शानदार आतिशबाजी और रंग-बिरंगी लाइटों ने सभी को रोमांचित कर दिया। इस अवसर पर मधुर संगीत की धुनों ने माहौल को और भी मनोरम बना दिया। स्थल पर आकर्षक रंगोली सजाई गई थी, और स्थापना दिवस के प्रतीक चिन्हों के साथ सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने सेल्फी लेकर खुशी जताई। इस अवसर पर नवा रायपुर में नवनिर्मित सीबीडी रेलवे स्टेशन के पास आयोजित कार्यक्रम में और एकात्मपथ पर श्रमिकों और सफाईकर्मियों को दीपावली के उपलक्ष्य में मिठाईयां वितरित कर शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना 1 नवंबर 2000 को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में मध्य प्रदेश से अलग करके की गई थी, यह राज्य पुनर्गठन भारत के राजनीतिक और प्रशासनिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। छत्तीसगढ़ की स्थापना के पीछे का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के साथ यहां की विशिष्ट सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मान्यता देना और लोगों को बेहतर प्रशासनिक सुविधा प्रदान करना था। आज, राज्य अपनी 24वीं स्थापना वर्षगांठ मना रहा है और अपनी समृद्ध संस्कृति और विविधता के साथ देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## एक नजर

### पानी है तो जिंदगानी है : संजय सिन्हा

**छुरिया ,2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**।रबी फसल में धान नही बोने के सरकारी अपील को कुछ चंद मतलब फरस्त लोग किसानों को गुमराह कर सरकार के विरोध में मोर्चा खोल तहसीलदार को ज्ञापन दे रहे है । मैं भी एक किसान हूं,कलेक्टर के पत्र में स्पष्ट फसल चक्र जैसे दलहन,तिलहन, गेंहू, बाजरा, ज्वार, मक्का, चना, लाख, लाखड़ी जैसे फसलों को रबी फसल में लेने का आग्रह किया है



है,हम किसान जिस दिन से रबी के मौसम में धान की रोपाई करते है उसी दिन से बोर को आटो में डाल छोड़ देते है, जिसके चलते वाटर लेवल काफी गहराई में चली जाती है,साथ ही साथ लोवोल्टेज की समस्या गर्मी के दिनों हो जाती है और गांव में लगे हैंडपंप,निस्तारी के लिए लगे बोरवेल से पानी आना बंद हो जाता है,फिर हम सरकार को कोसते है चाहे सरकार किसी का भी हो यहां भाजपा कांग्रेस वाली बात नहीं है,जनता के हित जनता के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किसान भाइयों से मैं भी अपील करता हु पानी है,तो जिंदगानी है । जल है तो कल है । हम किसानों के साथ है,और रहेंगे ।

### छत्तीसगढ़ कृषि पशु परीक्षण अधिनियम के तहत दो वाहनों को किया गया राजसात

**राजनांदगांव,2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम में दिए गये प्रावधानों के तहत दो वाहनों को शासन के पक्ष में राजसात किया है। न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार हवलदारपुरा माना मुर्तजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद कासिम स्वामित्व के वाहन अशोक लिलैण्ड क्रमांक एमएच 30 बीडी 4616 एवं मोहम्मद सोएब के स्वामित्व के वाहन पीकप क्रमांक एमएच 18 एए 3481 को राजसात किया गया है। इस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर पर राजसात की कार्रवाई की गई है। नियमानुसार वाहन का आटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई की जाएगी और प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता व सत्यनिष्ठा की शपथ

**राजनांदगांव ,2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इसके साथ ही जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून का पालन करने की सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को दीपावली का उपहार भेंट किया

**रायपुर,2 नवंबर।** दीपावली का त्यौहार मनाने अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके कैम्प कार्यालय में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने मुलाकात की और मुख्यमंत्री को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का स्वागत कर उनसे आत्मीयता के साथ मुलाकात की। बगिया कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री से मिलने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे मुलाकात कर उन्हें दीपावली का उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। हितग्राहियों ने भी पूरे आदरभाव से मुख्यमंत्री की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ उपहार स्वरूप धान की बालियां भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती



तिलासो बाई से दीये और कलश खरीदे। श्रीमती तिलासो बाई को पक्का आवास तो मिला ही है, उन्हें माटी कला बोर्ड की तरफ से इलेक्ट्रिक चाक भी प्रदान किया गया है। वे इस चाक से दीये, कलश, घड़े जैसी वस्तुएं तैयार कर स्थानीय हाट बाजार में बेचती हैं। मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती तिलासो बाई, नवीता पैंकरा, अमृता बाई, रजनी चौहान, कुमारी शशि चौहान ने आवास मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह मौजूद रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती तिलासो बाई को माटी कला बोर्ड की ओर से कुम्भकार टेराकोटा योजना के तहत इलेक्ट्रिक चाक प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक चाक मिलने के बाद से उन्हें काम में काफी आसानी हो गई है और काम भी तेज गति से होने लगा है। उन्होंने बताया कि वह मिट्टी से दीया, चिमनी, गुल्लक सहित अन्य चीजे बनाती हैं। दीपावली के समय उनके समानों की अच्छी खासी बिक्री हुई। इससे उनकी आमदनी में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि दीपावली के समय उनके बनाए सामानों की काफी मांग रहती है। इलेक्ट्रिक चाक की मदद से वह तेजी से काम कर पाती हैं।

# असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों का पंजीयन कराएं : कलेक्टर

**राजनांदगांव,2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 5 नवम्बर को राज्योत्सव का जिले में आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियों सौंपी गई है। सौंपी गई जिम्मेदारियों के अनुरूप सभी जिला स्तरीय अधिकारी राज्योत्सव के आयोजन अच्छी तरह से संपन्न करने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ले। उन्होंने कहा कि नगरीय एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य कराए जाने है, इसके लिए निर्वाचन नामावली सहित अन्य कार्य किए जा रहे है, इसे समय पर पूरा करें। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपरण वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानी है। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके तहत गिरदावरी का सत्यापन मैदानी अमलों द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य को समय पर पूरा कर लें, ताकि धान खरीदी की निर्धारित तिथि से पूर्व सभी तैयारियां कर ली जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 16 नवम्बर को विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम मोहारा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के आयोजन से एक सप्ताह पूर्व विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर विभिन्न आवेदनों के निराकरण की तैयारी कर ले।



**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग ने अपने कार्यालय में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिठाई भेंट कर पुलिस स्टाफ एवं उनके परिजनों को दिवाली की बधाई एवं शुभकामना दी। पुलिस स्टाफ द्वारा भी पुलिस अधीक्षक को दीपावली की शुभकामनाये दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, डीएसबी प्रभारी राजेश साहू एवं पुलिस अधीक्षक कार्यलय के लिपिक व जिला बल के पुलिस स्टाफ उपस्थित थे।

# घर के सामने खड़ी गाड़ी में उपद्रियों ने की तोड़फोड़

**डोंगरगांव,2 नवंबर ,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

त्यौहार के सीजन मे उपद्रवी लोगों ने कि करामात कोई नयी बात नहीं रोज रोज नये नये उपद्रव से लोगो को परेशानी झेलना ही पड़ता है एक मामला नये बने तहसील कुमर्दा मे 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार के मध्य रात्रि मे कुछ असामाजिक तत्वों ने चारभाठा कुमर्दा थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगाव निवासी लोकेश्वर कुमार सिन्हा पिता पल्टन राम सिन्हा के घर के बाहर खड़ी गाडी वेगेनार आर वी एक्स आई, क्रमांक सी जी 08 ए जी 2185 मे बदमाशों द्वारा बुरी तरह से तोड़ फोड़ कर दिया गया जिसमे आगे कि कांच,



पीछे कि कांच के साथ दोनों साइड के खिड़की के कांच को भी बड़े पत्थर एवं इट्ट से तोड़ फोड़ कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार के मध्य रात्रि मे कुछ असामाजिक तत्वों ने चारभाठा कुमर्दा निवासी लोकेश्वर कुमार सिन्हा पिता पल्टन राम सिन्हा के घर के बाहर खड़ी गाडी वेगेनार आर वी एक्स आई, क्रमांक सी जी 08 ए जी 2185 मे बदमाशों द्वारा बुरी तरह से तोड़ फोड़ कर दिया असामाजिक तत्वों द्वारा घर मे खड़ी गाडी मे तोड़ फोड़ कि जानकारी गाडी मालिक को सुबह उठने के बाद पता चला जिसके बाद अंदाजा लगाया गया कि तोड़ फोड़ मध्य रात्रि 11 से 04 के बिच किया गया जिसके बाद गाडी मालिक द्वारा अभी गाडी मे हुई तोड़ फोड़ से आगे भी घर के सदस्यों के साथ कोई अनहोनी ना होने एवं हुए नुकसान के डर से थाना डोंगरगांव मे लिखित शिकायत किया गया है त्वरित डोंगरगांव पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुए मामले पर जांच शुरू कर दी है।

# आदिवासियों का विकास छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता

**जे.एल.दरियो, अपर संचालक**

छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार ने आदिवासी समुदाय की विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुददों को वरीयता दी है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में समग्र विकास का स्वप्न साकार हो रहा है। प्रदेश के दूरस्थ इलाकों में जिस तरह स्वास्थ्य, सड़क, संचार और सुरक्षा नेटवर्क को मजबूती दी जा रही है, उसका सर्वाधिक लाभ आदिवासी वर्ग को मिल रहा है। इससे जहां आदिवासी समाज के जीवन स्तर में गुणवत्ता का संचार हो रहा है, वहीं सुशासन की इस बयार से प्रदेश में वामपंथी उग्रवाद की समस्या को परास्त करने में भी मदद मिल रही है। इन इलाको में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पी.एम.जनमन योजना और राज्य सरकार की नियद नेल्ला नार योजना गेम चेंजर साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ की लगभग 3 करोड़ आबादी में एक तिहाई जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। इन समुदायों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए साय सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया है। इसके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं से नया वातावरण बन रहा है। साय सरकार ने पिछले 10 माह में इन सभी मुददों पर काम किया है। मुददा चाहे आदिवासी समुदाय के आवास, पेयजल, विद्युत या सड़क सहित सभी बुनियादी जरूरतों पर तेजी से काम किया जा रहा है।

राज्य शासन की नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना जनकल्याण का अभिनव उपक्रम साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के 5 किमी के दायरे में आने वाले 96 गांवों का चयन कर शासन के 17 विभागों की 53 योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा। शेष जिलों के विद्यार्थियों को 1 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा। ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा 4 लाख रूपए रखी गई है।

आदिवासी क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद को रोकने के लिए सुरक्षा और विकास को मूल मंत्र बनाया है, इसके सार्थक परिणाम दिख रहे हैं। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं भी दी जा रही है। बीते 10 महीनों के दौरान मुठभेड़ों में 195 माओवादियों को ढेर किया गया। 34 फारवर्ड सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की गई। निकट भविष्य में दक्षिण बस्तर एवं माड़ में रि-डिप्लायमेंट द्वारा 30 नए कैम्पों की स्थापना प्रस्तावित है।

राज्य में गरीब परिवारों को शहीद वीर नारायण सिंह विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 20 लाख रूपए की राशि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य से समृद्धि की राह पर आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी क्षेत्रों के अस्पतालों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया है, इसके लिए बजट में 3400 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इसका लाभ आदिवासी समुदाय को भी मिल रहा है।

केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए पीएम जनमन



योजना के तहत आदिवासी बसाहटों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तेजी काम हो रहा हैं। राज्य में विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह के परिवारों के विकास हेतु 20 करोड़ का प्रावधान है। इन क्षेत्रों में 57 मोबाईल मेडिकल यूनिट के संचालन हेतु अनुपूरक में 2 करोड़ 72 लाख का प्रावधान है। पीव्हीटीजी के विद्युतीकरण हेतु 3 करोड़ 76 लाख का अतिरिक्त प्रावधान है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय की बसाहट ज्यादातर वनांचल क्षेत्रों में है। इन क्षेत्रों में सड़क, नेटवर्क बढ़ाया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा भी भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर से विशाखापट्नम तक ईकोनॉमी कारिडोर बनाया जा रहा है। इसका सीधा फायदा भी आदिवासी इलाकों को मिलेगा। केन्द्र सरकार द्वारा नगर नार में देश का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र भी शुरू किया गया है, इससे बस्तर अंचल के विकास को नई गति मिली है।

राज्य के आदिवासी क्षेत्रों और अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस मार्ग के लिए भारत सरकार से हरी झण्डी मिल गई है। केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी समाज को प्राथमिकता जनजातीय परिवारों के सामाजिक आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जा रहा है। इस योजना से देशभर के इसमें 63,000 गावों के 5 करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे। छत्तीसगढ़ की जनसंख्या में लगभग 30 प्रतिशत अनुपात आदिवासी समाज को सीधा लाभ मिलेगा। इसी प्रकार कृषि बजट में वृद्धि खेती-किसानी से जुड़े क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। किसानों की खेतीबाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्म जारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 10,000 जैव आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएगा, इसका लाभ भी राज्य के आदिवासी बहुल इलाकों को मिलेगा। आदिवासी बहुल इलाकों में तेन्दू के वृक्षों की बहुतायत है। तेन्दूपत्ता संग्रहण से बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों को रोजगार मिलता है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने तेन्दूपत्ता संग्रहरण की दर 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्यों से लगभग 12 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। जल्द ही सरकार तेन्दूपत्ता संग्रहकों के लिए चरण पदुका वितरण योजना भी शुरू करने जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा 36 कॉलेजों के भवन-छात्रावास निर्माण के लिए 131 करोड़ 52 लाख रूपए मंजूर किए गए है। इससे प्रदेश के 36 कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ होंगे तथा शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस स्वीकृति में आधिकांश आदिवासी बहुल क्षेत्रों के कॉलेजों को शामिल किया गया है। नई दिल्ली के ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर अब 185 कर दी गई है।

नई दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की तैयारी करने के इच्छुक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अब इस हॉस्टल में तीन गुने से भी अधिक सीटें उपलब्ध होंगी। आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना भी की जा रही है। स्थानीय बोलियों में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आदिवासी समुदायों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। 18 स्थानीय भाषा-बोलियों में स्कूली बच्चों की पुस्तकें तैयार की जा रही हैं। प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंड़ी और कुडुख में कोर्स तैयार किया जा रहा है। प्रदेश के 263 स्कूलों में पीएमश्री योजना शुरू की गई है, जिसके तहत इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्कूलों में स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे आधुनिक विषयों को भी पढ़ाया जाएगा। पीएमश्री स्कूल आदिवासी बहुल इलाकों में भी स्कूलों को अपग्रेड किया रहा है, इससे इन क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक, ज्ञानपरक और कौशल युक्त शिक्षा मिल रही है।

आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। यकीनन, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज से आने वाले मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।



### कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित बालिका गृह स्नेह सेवा सर्वोदय संस्थान का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ,2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित बालिका गृह स्नेह सेवा सर्वोदय संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी बालिकाओं से चर्चा की। उन्होंने बालिकाओं के द्वारा तैयार आर्ट एवं क्राफ्ट के तहत तैयार सामग्री की प्रशंसा की। बालिकाओं को निरंतर पढ़ाई जारी रखने तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने व अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु सुझाव दिए। गृह के अमले को किशोर न्याय अधिनियम तथा शासन के निर्देशों का पालन करते हुए बालिकाओं की देखरेख करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सभी बालिकाओं को दीपावली की बधाई देते हुए मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गुरप्रीत कौर एवं बालिका गृह की अधीक्षक प्रोमिता तरफदार तथा गृह के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीपावली पर फूल माला पहनाकर गरीबों को कपड़ा बांटकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव ,2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)**। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू कलेक्टर संजय अग्रवाल, राजू डागा समाजसेवी राजा मखीजा एवं स्थानीय व्यापारियों संगठन द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर स्थानीय व्यापारियों से सामान खरीदने पर ग्राहकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं संगठन द्वारा गरीब वर्ग के लोगों को दिवाली के अवसर पर कपड़ा भी बांटा गया। जिससे गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। यह एक सराहनीय पहल है जो न केवल गरीबों को बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक संदेश देती है.दीपावली के इस पावन




अवसर पर ऐसे कार्य का करना वास्तव में प्रशंसानीय है और समाज में सकारात्मक को बढ़ावा देता है।

संपादकीय

# कोई सुधरने वाला नहीं है देश में

देश में हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं, राजनीतिक दल चुनाव तो उत्साह लड़ते हैं, उनमें भरोसा भी होता है कि चुनाव तो हम ही जीत रहे हैं। पूरे चुनाव भर वह यही कहते रहते हैं,दोहराते रहते हैं। जीत तो हम ही रहे हैं। हमारे अलावा कोई दूसरा तो जीत ही नहीं सकता। जैसे ही चुनाव का रिजल्ट आता है और पता चलता है वह तो हार गए हैं, जीता कोई और है तो फिर उनका सुर बदल जाता है, वह स्वीकार करने को तैयार नहीं होते हैं कि अपनी किसी कमी खामी के कारण वह चुनाव हार गए हैं, अपना संगठन मजबूत न होने के कारण चुनाव हार गए हैं। बूथ मैनेजमेंट कमजोर होने के कारण चुनाव हार गए है, कमजोर प्रत्याशी खड़े करने के कारण चुनाव हार गए हैं। गठबंधन के दलों के बीच बेहतर तालमेल न होने के कारण चुनाव हार गए हैं। बागी व निर्दलीय प्रत्याशियों के वोट काटे जाने के कारण चुनाव हार गए हैं। चुनाव तो कोई एक दल ही जीत सकता है, बाकी दल तो चुनाव हारेंगे ही। बाकी दलों के चुनाव हारने के कई कारण हो सकते हैं लेकिन उनको यह कहना ज्यादा अच्छा लगता है कि चुनाव में हुई या की गई गड़बड़ी के कारण वह चुनाव हार गए हैं। वह कहना तो यही चाहते हैं कि चुनाव आयोग के निष्पक्ष न होने के कारण चुनाव हार गए लेकिन वह घुमाफिराकर यही बात हर चुनाव में हार के बाद कहते हैं।राजनीतिक दलों में कांग्रेस ही चुनाव आयोग पर हर चुनाव के बाद तरह तरह के आरोप लगाती रहती है। अपनी हार को स्वाभाविक हार नहीं मानती है, अपनी हार के लिए वह खुद को दोषी नहीं मानती है,वह मानती नहीं है कि चुनाव में हार हुई है तो कांग्रेस की कमजोरी के कारण हुई है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस ने कहा था कि चुनाव निष्पक्ष हुए होते तो हम नहीं हारेंगे। उनको पता था कि सरकार उनकी बनने वाली नहीं है, इसलिए हार के लिए पहले से बहाने ढूंढने शुरू कर दिए थे, हरियाणा चुनाव में तो कांग्रेस को पूरा विश्वास था कि सरकार से नाराजगी के कारण जनता तो कांग्रेस को ही मौका देगी क्योंकि सत्ता का और कोई दल दावेदार नहीं था।पर कांग्रेस के जमीनी सच्चाई से कटे रहने के कारण फिर हार का सामना करना पड़ा। तो उसकी पहली प्रतिक्रिया थी कि चुनाव परिणाम स्वीकार्य नहीं है, बाद में उसने अपनी हार के कारणों को खोजने की जगह 26 विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया और एक तरह से हार के लिए खुद को जिम्मेदार न मानकर चुनाव आयोग को ही दोषी माना। चुनाव आयोग ने जवाब में कांग्रेस के तमाम आरोपों को निराधार व तथ्यहीन बताते हुए खारिज कर दिया है। आयोग ने कांग्रेस को भेजे जवाब में कहा है कि कांग्रेस पूरे चुनाव परिणाम की विश्सनीयता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रही है। चुनाव आयोग ने यह भी कहा है कि मतदान व मतगणना के संवेदनशील समय पर गैर जिम्मेदाराना आरोप लगाने से देश में सार्वजनिक अशांति व अराजकता पैदा हो सकती है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र में कहा है कि किसी राष्ट्रीय राजनीतिक दल से इस तरह की अपेक्षा नहीं के बराबर होती है।आयोग देश में चुनावी लोकतंत्र बनाए रखने और मजबूत बनाने में राजनीतिक दलों के विचारों की महत्ता की सराहना करता है।चुनाव आयोग ने कांग्रेस को बताया है कि उसने जिन 26 विधानसभा क्षेत्रों के बारे में शिकायत की थी, उनकी गंभीरता से जांच कराई गई हरियाणा में चुनावी प्रक्रिया का हर चरण त्रुटिहीन था। अपने जवाब में चुनाव आयोग ने कांग्रेस से कहा है कि वह चुनाव आयोग पर चुनाव दर चुनाव निराधार आरोप लगाने से बचे।कुल मिलाकर चुनाव ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस ने हमेशा की तरह निराधार आरोप लगाया है। उसके आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। कोई ठोस सबूत होता चुनाव भी उसे स्वीकारने को मजबूर होता। कोई गड़बड़ी की गुजाइश चुनाव में नहीं रहती है क्योंकि चुनाव की हर प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रहती है, जो कुछ किया जाता है,उनके सामने किया जाता है। चुनाव आयोग कुछ भी अकेले में नहीं करता है, ईवीएम निकालने से लेकर उन्हें जमा करने तक वह सब राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसीलिए करताहै ताकि कोई उस पर किसी तरह का भेदभाव करने का आरोप न लगा सके। अगर ईवीएम में कोई गड़बड़ी हो सकती है या ईवीएम को कोई हैक कर सकता है तो चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों के लोगों से कहा है कि वह आकर गड़बड़ी करके दिखाएं या ईवीएम को हैक करके दिखाएं। अभी तक सारे आरोप लगाने वाले राजनीतिक दल चुनाव आयोग की चुनौती को स्वीकार नहीं किया है, किसी ने भी ईवीएम को हैक करने नहीं दिखाया है, किसी ने किसी तरह की गड़बड़ी कैसे की जा सकती है, करके बताया नहीं है। सब आरोप लगाते रहे हैं, हर चुनाव के बाद आरोप लगाते रहे हैं, जो भी दल चुनाव हार जाता है, वह चुनाव आयोग की विश्वनीयता पर सवालिया निशान लगा देता है। यह बहुत आसान है, इसलिए यह आसान काम हर चुनाव में हर राजनीतिक दल करता है। चुनाव आयोग कांग्रेस से अपेक्षा की है कि वह भविष्य में निराधार आरोप न लगाए लेकिन कांग्रेस सुधरने वाली नहीं है। अगला चुनाव महाराष्ट्र व झारखंड में होने वाला है,वहा जहां भी कांग्रेस हारेगी उसके लिए हमेशा की तरह चुनाव आयोग को दोषी ठहराने का प्रयास करेगी। अभी चुनाव होने तक वह कुछ नहीं कहेगी. जैसे ही रिजल्ट आएगा, कांग्रेस जीत गई तो चुनाव आयोग ने अच्छा काम किया है, कांग्रेस हार गई तो चुनाव आयोग ने चुनाव अच्छे से नहीं कराया है। महाराष्ट्र चुनाव में एमवीए के बीच खींचतान भी हार का कारण हो सकता है, लेकिन उसे कोई स्वीकार नहीं करेगा, सब यही कहेंगे कि चुनाव आयोग ने एमवीए को हराने में भाजपा का सहयोग किया है, भले ही वह साबित न कर पाएं कि चुनाव आयोग ने भाजपा का कैसे सहयोग किया है।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस विशेष

आशीष सिंह

# 25 वें वर्ष में छत्तीसगढ़

**राज्य आंदोलन की यात्रा-1**

छत्तीसगढ़ अपने गठन के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। युवा होते हमारे राज्य को युवाओं से बहुत आशाएं हैं। हमारे युवा हर दृष्टि से सक्षम हैं, आवश्यकता उन्हें हनुमान जी की तरह समय-समय पर उनकी क्षमताओं का भान कराने की है। जब हम आगे बढ़ रहे हैं तब थोड़ा थम कर भवन की नींव की ओर बी देख लेना चाहिए। हर भवन की लिए दृढ़ नींव का होना अनिवार्य है, सौभाग्य से छत्तीसगढ़ राज्य की नींव सुदृढ़ है। स्मरण होगा छत्तीसगढ़ के साथ ही उत्तराखंड और झारखंड राज्य भी बने थे। आज उन दोनों प्रदेशों की तुलना में हमारा राज्य कहीं आगे दिखाई देता है। इसका कारण है राजनीतिक स्थिरता। सत्ता के लिए राजनीतिक दांव-पेंच तो खेले गए पर चुनाव के बाद प्रदेश के मतदाताओं ने दलों को तोड़-फोड़ की गुंजाइश ही नहीं दी। युवावस्था में पदार्पण के अवसर पर राज्य के प्रत्येक नागरिक का अभिनंनदन है और राज्य निर्माण के लिए अपना खून-पसीना बहाने वालों का वंदन है।छत्तीसगढ़ राज्य बने इसके लिए बहुत त्याग और तपस्या की गई है। अनुशासन ऐसा बनाए रखा गया कि आंदोलन कभी भी हिंसक नहीं हो पाया, ऐसे तत्वों को नाथ कर सही मार्ग पर चलाए हुए रखा गया था। यद्यपि 1924 में रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पं. वामनराव लाखे ने जो प्रस्ताव रखा था उसके गर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना थी। दरअसल 1924 में महासमुंद और धमतरी तहसील कांग्रेस को स्वतंत्र करने का प्रस्ताव महाकोशल प्रांत कांग्रेस कमेटी ने किया था। तब इस प्रस्ताव के विरोध में पं. लाखे ने प्रस्ताव रखा कि-प्रांतीय कांग्रेस कमेटी का रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी जो बर्ताव रहा है उससे लगता है कि रायपुर जिला कांग्रेस का कार्य सुव्यवस्थित व सुरक्षा के साथ होना संभव नहीं है। अतः रायपुर जिला कांग्रेस को हिन्दुस्तानी मध्य प्रांत कमेटी (महाकोशल प्रांतीय कांग्रेस कमेटी) से स्वतंत्र कर दिया जाए। या तो इस जिले को अन्य प्रांत से मिलाया जाए या फिर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जिलों को मिला कर छत्तीसगढ़ को एक पृथक प्रांत बनाया जाए।



यद्यपि समर्थन के अभाव में प्रस्ताव गिर गया। किंतु महासमुंद और धमतरी तहसील कांग्रेस रायपुर जिला कांग्रेस के साथ बनी रही। प्रांतीय कमेटी के प्रस्ताव पर कांग्रेस से रायशुमारी के लिए महंत लक्ष्मीनारायण दास, यती यतनलाल और पं. भगवतीप्रसाद मिश्र की कमेटी भी बनाई गई थी। संभवतः समिति की राय मानकर रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के विखंडन का प्रस्ताव वापस ले लिया गया। 1924 में ही यह धारणा प्रबल होने लगी थी कि छत्तीसगढ़ को अन्य प्रांतों के साथ बांधकर रखना उसके स्वतंत्र व्यक्तित्व के साथ अन्याय होगा। कालांतर में यह आशंका सत्य भी प्रमाणित हुई। म. प्र. से अलग होने के मात्र कुछ ही वर्षों में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास इसका ज्वलंत उदाहरण है।1939 में कांग्रेस का अधिवेशन त्रिपुरी में आयोजित हुआ था, उसके ठीक पहले बिलासपुर में बद्रीनाथ साव के निवास में पं. सुंदरलाल शर्मा, ठा. प्यारेलाल सिंह, बैरिस्टर छेदीलाल, छबिलाल चौबे और गजाधर साव की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की पहचान और अस्मिता की रक्षा के प्रश्न पर चर्चा हुई थी। अधिवेशन के पश्चात रायपुर के आनन्द समाज वाचनालय में झब्बूलाल मिश्रा के संयोजकत्व में इसी प्रश्न पर पुनः बैठक हुई। ठा. प्यारेलाल सिंह और पं. रामदयाल तिवारी ने बैठक को संबोधित किया था। दोनों ही बैठकों में बिलासपुर के साहित्यकार पं. द्वारिकाप्रसाद तिवारी 'विप्र' भी मौजूद थे। सन् 1946 में ठा. प्यारेलाल सिंह से पत्रकारों ने प्रश्न किया ता कि क्या आजादी के बाद छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा दिया जा सका है? तब उन्होंने कहा था-'केवल रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों को मिलाकर राज्य नहीं बनाया जा सकता, वरन छत्तीसगढ़ की रियासतों को भी मिला लिया जाए तो अवश्य ही राज्य का दर्जा प्राप्त हो सकता है।' आजादी के बाद देश के समक्ष अनेक कठिन चुनौतियां थीं, ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य की मांग समयोचित नहीं थी। यद्यपि 1947 में प्रांतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में वी. वाई. तामस्कर ने छत्तीसगढ़ राज्य की मांग उठाई थी। 1951 में कांग्रेस का विभाजन हो गया। 1952 में विधानसभा के चुनाव हुए। चुनाव के बाद ठा. प्यारेलाल सिंह और डॉ. खूबचंद बघेल ने पृथक राज्य के लिए विचार विमर्श किया। इस बीच अक्टूबर 1954 में ठाकुर साहब का देहावसान हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का एक स्वप्नद्रष्टा विदा हो गया। रिक्त स्थान के लिए हुए उपचुनाव में उनके पुत्र ठा. रामकृष्ण सिंह विधायक निर्वाचित हुए। 30 अक्टूबर 1955 को रायपुर के सदरबाजार स्थित गिरधर धर्मशाला में छत्तीसगढ़ राज्य समर्थकों की बैठक आयोजित हुई। कमलनारायण शर्मा, मदन तिवारी के अलावा क्रांतिकुमार भारतीय और दशरथलाल चौबे ने छत्तीसगढ़ राज्य की आवश्यकता पर जोरदार मांग रखी।

21 नवंबर 1955 को ठा. रामकृष्ण सिंह ने सी.पी.-बरार विधानसभा नागपुर में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा हमारा छत्तीसगढ़ जो देश का बहुत पिछड़ा हुआ भाग है, इस बड़े प्रदेश (सीपी-बरार) में कभी नहीं पनप सकता। बृजलाल वर्मा, लाल श्याम शाह और वी. वाई. तामस्कर ने प्रस्ताव के समर्थन में पक्ष रखा। मगर सदन में प्रस्ताव को समर्थन नहीं मिला। यह प्रस्ताव राज्य पुनर्गठन आयोग के प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान रखा गया था। चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल ने कहा-'सिवाय प्रस्ताव महादेय और एकाध माननीय सदस्यों को छोड़ इस संशोधन की चर्चा किसी दूसरे ने भी नहीं की। इसका अर्थ यही है कि इसको समर्थन देने के लिए कोई तैयार नहीं है। इसलिए में समझता हूं कि इस पर कुछ ज्यादा कहने की आवश्यकता नहीं है।' यह ध्यान रखने की बात है कि शुक्लजी सदन के नेता, मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और छत्तीसगढ़ के ही थे। वे चाहते तो संशोधन के पक्ष में समर्थन जुटा सकते थे। तब 1956 में ही छत्तीसगढ़ का निर्माण हो जाता। 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन भोपाल, मालवा, बुंदेलखंड, बघेलखंड, मंडला जबलपुर के गोंडवाना क्षेत्रों को मिलाकर किया गया। छत्तीसगढ़ को भी उसमें मिला दिया गया। इन क्षेत्रों में न भाषाई समानता थी और न ही सांस्कृतिक साम्य था।

# रोती गाय को चलो हंसाएं

विजय मिश्रा 'अमित'

पांच दिवसीय महापर्व दीपावली की छुट्टियों में गांव गया हुआ था।बचपन की यादों में खोया खेत खलिहान, तालाबों को ताकते हुए दिन मजे से बीत रहे थे। गए। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पर्व पर गायों की पूजा करने के उपरांत खिचड़ी संग पारम्परिक सब्जी कद्दू और सुरन का स्वाद उंगलियों को चाट चाट कर लिया। भोजनोपरांत रात के समय घूमने की आदत के मुताबिक खा पीकर टहलने निकल गया। स्वच्छ शांत ग्रामीण वातावरण में डूबा हुआ टहलते टहलते गांव के बाहर शहर जाने वाली सड़क पर जा पहुंचा।

तभी मेरी नजर थोड़ी दूरी पर चमकती हुई कोई चीज पर पड़ी।क्या हो सकता की जिज्ञासा में दबे पांव आगे बढ़ा तो देखा कि अनेक गायें वहां एकत्रित हैं,और उन सबकी आंखें अश्रुपुरित थीं।

बालपन से गायों के संग खेलते कूदते बड़ा हुआ था,अतः बिना भयभीत हुए उनके करीब जा पहुंचा।मुझे भी देखकर न तो वे डरी और ना ही भागी।बस अपलक ताकती रहीं।शायद उन्होंने परख लिया था कि ए आदमी गऊ जैसा सीधा है।

एक खूबसूरत सफेद बछिया को पुचकारते हुए मैंने उसकी महतारी गऊ माता से पूछा -गऊ माता, आज तो गोवर्धन त्योहार है। लोगों ने तुम्हें बढ़िया नहला धुला करके, सजा धजा करके पूजा पाठ किया है।हलूवा पूरी, खिचड़ी का भोग लगाया है।ऐसे गोवंश हितैषी पर्व पर तुम्हें कौन सा दुःख चुभ रहा है?कौन सी पीड़ा तुम्हें खाए जा रही है? जिसकी मार सहते तुम सब यहां एक दूसरे की पीड़ा हरने जमा हुए हो।

मेरी बात को सुनकर एक मोटा काला भयानक सिंगधारी बैल मुझे मारने की मंशा लिए आगे बढ़ा। फिर बोला-काहे का गोवर्धन पर्व ,काहे की पूजा?बस एक ही दिन का दिखावा है। मनुष्य के तो दो दांत होते हैं।खाने के अलग और दिखाने के अलग।सही में हमारा मान सम्मान करना होता तो कम से कम आज तो घर में रखते।अपने स्वार्थ को पूरा करने मनुष्य हमारी पूजा करता है।स्वार्थ सधने के बाद दूध में गिरे मक्खी की तरह बाहर खदेड़ देता है।देख तो रहे हो हमारे माथे पर लगा टीका साक्षी है कि पूजा के बाद हमें खदेड़ दिया गया है।

उसकी बातें सुनकर एक लाल गाय अपनी पूंछ खड़े करके बोली-जितना खिलाते नहीं उससे ज्यादा तो पके आम की तरह हमें चूस लेते हैं।वह लम्बी सांसे छोड़ते आहें भरते हुए आगे बोली -आज सुबह की ही बात है।मेरा नवजात बछड़ा मेरा दूध पी रहा था।तब कसाई की तरह रुप धारण करके मेरा मालिक बछड़े के कोमल कान को खींचते मुझसे दूर ले गया। बां.. बां.. करते कलपते मेरे पिलवा को कड़क रस्सी में कसकर बांध दिया।मासूम बछड़े की पीड़ा से भी उसका दिल नहीं पसीजा।

हां हां दीदी, सही कह रही हो। कहते हुए एक चितकबरी गाय बोली- तुम्हारी तरह मेरा भी मालिक महाकसाई है। बड़ी बाल्टी भर भर रोज सुबह शाम दूध देती हूं, फिर भी ओ लालची और ज्यादा दूध की चाहत में न जाने कौन सी दवाई सूई में डालकर हब्ब से मेरे शरीर में घुसा देता है।मेरी रूह कांप जाती है। मैं पीड़ा से बिलबिला जाती हूं।

उसकी पीड़ा सुनकर एक पढ़ा-लिखा सा बछड़ा बोला- बड़ी माई तुम जिस दवा की बात कर रही हो उसे ₹डाइक्लोफेनिक इंजेक्शन₹ कहते हैं।सच तो यही है कि वो दवा गायों के साथ ही मनुष्यों के लिए खतरनाक है।और तो और जिस गाय भैंस को रोज ए दवा इंजेक्शन लगता है उसका शरीर भी जहर से भर जाता है। ऐसे गाय भैंस की मृत्यु उपरांत उसके शरीर को खाने वाले जीव जन्तु जैसे कि गिद्ध,कौवा,कुत्ते,सियार भी काल के गाल में समा जाते हैं।यही वजह है आजकल ऐसे कितने जीव जन्तु विलुप्त हो गए हैं,और मनुष्य भस्मासुर बनते जा रहा है। उनकी गंभीर बातें सुनकर मैं भी चिंता में डुब गया। मैं उन्हें ढांढस देते हुए बोला -गऊ माता धीर में खीर है,अतः धीरज रखें।अति का अंत तो होता ही है।मुझे भी भरोसा है कि इंसान की मति में भी परिवर्तन होगा।उनके साथ बातचीत समाप्त करके मैं घर लौटते लौटते सोचने लगा कि वेद पुराण में गायों को चलते फिरते देवालयों का नाम दिया गया है। इनके शरीर में तैंतीस करोड़ देवी-देवता का वास होता है।ऐसी देवभूमि गाय की दुर्दशा और मत होने देना ईश्वर।गाय पालना छोड़कर स्वान पालने में लीन मनुष्य को सद्बुद्धि देना।

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस विशेष

# 25 वें वर्ष को छूता छत्तीसगढ़, कला व साहित्य जगत में बढ़ता छत्तीसगढ़

विजय मिश्रा 'अमित'









सात राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़ राज्य जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाओं सहित विविध कलाओं से समृद्ध राज्य है। राज्य बनने के पूर्व यहां की सांस्कृतिक गतिविधियां, धरोहर,उपेक्षित थे।यहां के कलाकारों को छोटी मोटी प्रस्तुतियों के लिए भोपाल मध्यप्रदेश का मुंह ताकना पड़ता था, किंतु राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ को हरेक दृष्टि से पृथक पहचान मिली। किसी भी राज्य की पहचान वहां की कला, संस्कृति, साहित्य ही होती है।इसे चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ के खान-पान, पहनावा, रीति रिवाज और पर्यटन स्थल को भारत के मानचित्र पर और विदेशों में तेजी से प्रचारित- प्रसारित- स्थापित होने का अभूतपूर्व अवसर पच्चीसवें वर्ष को छूते छत्तीसगढ़ को मिला। पच्चीसवें पायदान पर पग धरते छत्तीसगढ़ की कला- संस्कृति- साहित्य- सिनेमा जगत की दशा दिशा पर परिचर्चा में शामिल विद्वजनों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

## उम्रदराज कलाकारों की सुध ले सरकार : रमा दत्त जोशी

सास गारी देवय ननद चुटकी लेवय ससुरार गोंदा फूलर₹ गाने की लोकप्रिय गायिका रेखा - रमा- प्रभा दत्त जोशी बहिनों के नाम से ख्याति प्राप्त वरिष्ठ लोकगायिकाओं से रमा जोशी कहती हैं -हर्ष की बात है कि राज्य गठनोपरांत राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ में होने लगा है। यहां के कलाकार आए दिन राज्य के बाहर लोक नृत्यों का प्रदर्शन करके छत्तीसगढ़ की धरा को गौरवान्वित कर रहे हैं।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विशिष्ट जनों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव पर पुरस्कृत करने की गौरवशाली परंपरा भी आरंभ हुई है। पुरस्कार प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप न लगे इस हेतु पुरस्कार की पात्रता, नियमों और शर्तों में और अत्यधिक स्पष्टता- पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। पुरस्कार हेतु उम्रदराज हो चले सुपात्रों को प्राथमिकता देने के अलावा आर्थिक मदद, स्वास्थ्य संबंधी सेवा सुविधाओं में वृद्धि की भी आवश्यकता है। विश्व धरोहर 'नाचा' से नव पीढ़ी अवगत हो इसके लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होना चाहिए। लोकगीतों में नयापन के नाम पर भौंडापन घातक है।

## छत्तीसगढ़ी फिल्मों को मिले शासकीय अनुदान : नीतिश लहरी

छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लेखक एवं निर्देशक नीतीश लहरी कहते हैं कि-राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण की दिशा में उत्साहजनक प्रगति हुई है।छत्तीसगढ़ी सिनेमा को छालीवुड के नाम से प्रसिद्धि मिली है। वर्ष 1965 में बनी मनु नायक की पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'कहि देबे संदेश' से आरंभ हुई फिल्मी यात्रा के अधखुले द्वार को पूरी तरह से खुलने का अवसर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मिला है। छत्तीसगढ़ी फिल्मों का प्रदर्शन राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में हुआ और मनोज वर्मा निर्देशित फिल्म 'भूलन कांदा' को पुरस्कृत होने का गौरव भी मिला। वर्तमान में सर्वाधिक सफल फिल्म बनाने का कीर्तिमान श्री सतीश जैन के नाम है, जिन्होंने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण के पथ को सुगम बनाया। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माण में अत्याधुनिक कैमरे,लाइट और विविध प्रभावशाली इफैक्ट्स को इस्तेमाल करने की पहल हुई है।राज्य शासन की ओर से अब तक छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम , छत्तीसगढ़ी फिल्म सिटी का गठन नहीं हो पाना, फिल्मों को सब्सिडी नहीं देना छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के लिए गतिरोधक सदृश्य है।दूरस्थ अंचलों में मिनी थियेटर की स्थापना, शूटिंग हेतु प्रशासनिक तौर पर सहजता से सहमति सुरक्षा तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

## मातृभाषा के रूप में दर्ज हो छत्तीसगढ़ी भाषा : नंदकिशोर शुक्ल

चौरासी वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर शुक्ल अपने विशिष्ट पहनावे के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा को मातृभाषा का दर्जा दिलाने के लिए तन-मन-धन से संघर्षरत है।वे कहते है- छत्तीसगढ़ के पैंसठ प्रतिशत रहवासियों की भाषा छत्तीसगढ़ी है,अतः स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़ की पहली भाषा छत्तीसगढ़ी ही होना चाहिए।आगे वे कहते हैं कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा शत-प्रतिशत छत्तीसगढ़ी में हो तथा बाकी उच्च स्तर पर एक अनिवार्य विषय के रूप में हो ,किन्तु जनप्रतिनिधियों की उदासीनता,नौकरशाहों की नीति और जनमन में दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव ने छत्तीसगढ़ी भाषा को दोयम दर्जे की भाषा बना कर रख दिया है। भाषा के प्रचार प्रसार और समृद्धि हेतु छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का गठन किया गया है,किन्तु अब तक स्वतंत्र अधिकार, नीति-निर्धारण,साधन सम्पन्न आयोग का दर्जा नहीं मिला है। कामकाज राज-काज छत्तीसगढ़ी भाषा में करने हेतु सरल मार्गदर्शिका बनाई जा चुकी है।वह भी धूल खाते पड़ी है। हर्ष की बात है नई पीढ़ी के बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ को बेहतर सम्मान दे रहे हैं।

## आदिमजाति संस्कृति का संरक्षण हो सर्वोच्च प्राथमिकता : रिखी क्षत्रिय

छत्तीसगढ़ के लोकवाद्यों के संरक्षक,मशहूर लोक नर्तक, अनेक बार दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में शिरकत कर चुके रिखी क्षत्रिय कहते हैं कि- राज्य गठनोपरांत दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक,धार्मिक, पुरातत्व स्थलों की चलित झांकियों को अब तक सत्रह बार प्रदर्शन करने का अवसर मिल चुका है। इससे विदेशियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से रू-ब-रू होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की भित्ति चित्र, कास्ट धातु,टेराकोटा बेल मेटल शिल्प को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि मिली। छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है।इस दृष्टि से इनकी कला संस्कृति की समृद्धि संरक्षण हेतु विशेष प्रयास जरूरी है। हर्ष की बात है कि छत्तीसगढ़ और देश के अन्य राज्यों के आदिमजाति समुदाय के लोकनृत्यों सहित वर्ष 2019 में पहला 2021 में दूसरा और 2023 में तीसरा विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह से आदिम जनजातियों की जीवन शैली,पर्वों, परम्पराओं,नृत्यों, वाद्यों को राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। यद्यपि इस दौरान इस बात का दुखद पहलू भी नजर आया कि देश-विदेश के जनजातीय समुदाय की नृत्य शैली- पहनावा में शहरी संस्कृति का घुसपैठ हो रहा है। यह चिंताजनक विषय है। परिचर्चा के सभी प्रतिभागियों के विचारों से यह बात छनकर बाहर आती है कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक स्थिरता बनी हुई है। इसका प्रत्यक्ष लाभ लेते हुए यहां की भाषा,कला,संस्कृति, सभ्यता,साहित्य और पुरातत्व के संरक्षण हेतु जनप्रतिनिधियों को ईमानदारी से आगे आना ही चाहिए। राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ के पर्व हरेली, छेरछेरा, तीजा,भक्त माता कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी पर घोषित अवकाश ने नई पीढ़ी को पर्यावरण परंपरा संस्कारों से जुड़ने का व्यापक अवसर दिया है।यह सराहनीय है क्योंकि- जिस गांव में पानी नहीं गिरता, वहां की फसलें खराब हो जाती हैं,और जहां साहित्य- संस्कृति का मान नहीं होता, वहां की नस्लें खराब हो जाती है।

दीपावली विशेष

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

# पूरब से पशिचम और उत्तर से दक्षिण अलग रंग में रंगी है दिवाली



हमारा भारतवर्ष एक समृद्ध और विविध संस्कृतियों वाला राष्ट्र है। हमारे सभी प्रदेशों में विभिन्न अवसरों पर निभाई जाने वाली परंपराएं भी अनूठी हैं। अलग - अलग धर्म - संप्रदायों और जातियों के त्यौहार मनाने के तरीके भी विविधता लिए हुए हैं। हिंदू कैलेंडर में प्रत्येक मास, किसी न किसी छोटे - बड़े पर्व से संबंध रखते हैं , किंतु दीपावली एक ऐसा पर्व है जिसे पूरे देश में अलग परंपराओं और प्रथाओं के अनुसार मनाया जाता है। यदि हम नजर डालें तो उत्तर प्रदेश में आज भी दीपावली से पूर्व रामलीला का मंचन सभी को राम चरित मानस और भगवान श्रीराम की मयार्दा से जोड़ता आ रहा है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में मां काली की पूजा - अर्चना पूरे प्रदेश को शक्ति की देवी के दर्शन कराता चल रहा है। उत्तर भारत में दीपावली भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में एक अलग नजारा बिखेरती दिखाई पड़ती है। 21 वीं शताब्दी में अयोध्या की दीवाली और ज्यादा निखर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सोच के चलते रामलला के नव निर्मित मंदिर परिसर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पूरे भारतवर्ष में एक और दीवाली ₹ राम - दीवाली ₹ का उत्साह देश और दुनिया को आह्लादित करने वाला सिद्ध हुआ है। उत्तर प्रदेश के साथ ही पंजाब , हिमाचल प्रदेश , हरियाणा , बिहार आदि राज्यों में दीपावली का त्यौहार दशहरा के साथ ही शुरू हो जाता है। महाराष्ट्र में दीवाली से एक दिन पूर्व एक अलग परंपरा का निर्वहन किया जाता है। इसे वसुबारस त्योहार के नाम से जाना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन गायों को देवी के रूप में पूजते हैं। दक्षिण भारत की दीवाली पूरे देश में अलग रंग लिए होती है। तमिल कैलेंडर के ₹ अरपासी ₹ मास में इसे मनाया जाता है। दीपावली मां लक्ष्मी की पूजा पर विशेष आयोजन न करके नरक चतुर्दशी को मुख्य पर्व के रूप में मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी से पहले घर के चूल्हों की सफाई की जाती है। चूल्हों को चुने से मांजकर गर्म पानी से साफ किया जाता है। जिस तरह अन्य प्रदेशों में रंगोली से आंगन सजाए जाते हैं , उससे कुछ अलग दक्षिण भारत में ₹ कोलम ₹ नामक डिजाइन से घर - आंगन को रंगोली की तरह संवारा जाता है। इसी तरह की एक और अनूठी परंपरा का चलन दक्षिण भारत में दिखाई पड़ता है। उक्त परंपरा को ₹ थलाई दीपावली ₹ कहा जाता है। इस परंपरा के तहत नव - विवाहित जोड़े दुल्हन के पैतृक घर में अपनी पहली दीवाली मनाते हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश में भगवान श्री हरि की कहानी सुनाने की परंपरा है। कर्नाटक में ₹ अश्विजा कृष्ण चतुर्दशी ₹ के रूप में पर्व मनाया जाता है। इसके तहत कर्नाटकवासी भगवान श्री कृष्ण को स्मृति में रखकर तेल स्नान करते हैं। कर्नाटक में ही दीपावली के तीसरे दिन एक और पर्व का आयोजन किया जाता है जिसे ₹ बलि पद्यामी ₹ के नाम से जाना जाता है। इस पर्व के आयोजन से पूर्व महिलाएं गाय के गोबर से किले बनाती हैं और राजा बलि की पूजा करती हैं। देखा जाए तो अलग - अलग प्रांतों की परंपराएं और पर्व के खास पल जीवन को उत्साह के साथ जीने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

हमारे देश के बिहार प्रदेश में भी दीपावली पूरे भारतवर्ष से अलग तरीके से मनती दिखाई पड़ती है। बिहार के घरों में दीपों को मां लक्ष्मी की पूजा के लिए प्रज्ज्वलित नहीं किया जाता है। ऐसे उल्लेख मिलते हैं कि इस दिन घरों के द्वार पर प्रज्ज्वलित किए गए दीपों को डायन भगाने के लिए सजाया जाता है। प्रत्येक घर में विशेष प्रकार का दीया जलाया जाता है। इस जलते हुए दीपक को डंडे से पीट - पीटकर गुस्सा निकाला जाता है। ऐसा करते हुए दीपक की बाती बुझ जाए और दीपक मिट्टी में मिल जाए तो माना जाता है कि घर में डायन और बुरी शक्तियों का प्रकोप प्रवेश नहीं कर पाएगा ! बिहार की इस परंपरा को वहां निवास कर रहा ₹थारू समाज ₹ ही मानता है। बिहार में की गई जाति आधारित गणना में ₹ थारू समाज ₹ की संख्या लगभग तीन लाख के आसपास है। इस जाति के लोग प्रायः बिहार के तराई क्षेत्र में निवासरत हैं। इनके निवास वाले क्षेत्र को ₹ थारू आट ₹ के नाम से जाना जाता है। बिहार के अररिया , मधुबनी और पश्चिम चंपारण में थारू समाज विशेष रूप से दिखाई पड़ता है। बिहार के 26 से अधिक गांव में बसने वाली थारू जाति में इतना दम है कि अपनी एकता और संगठन के बल पर चुनावी नतीजों को प्रभावित कर दिखाते हैं। थारू जाति के लोगों में राष्ट्र प्रेम भी कूट - कूटकर भरा होता है। यही कारण है कि इनके द्वारा सेना में नौकरी के प्रति अलग ही लगन दिखाई पड़ती है। शिक्षा के प्रति भी इनमें जागरूकता है। इसी थारू समाज में दीपावली से एक दिन पहले ₹ जमदीया ₹ जलाया जाता है। इसमें तीन डंडी वाली लकड़ी का दीया जलाकर बालू में गाड़ दिया जाता है। एक व्यक्ति तब तक इंतजार करता है , जब तक दीया बुझ न जाए। इसके बाद बुझे दीए को पैर में रखकर एक पैर से कूदते हुए उसे घर में ले जाया जाता है। इस बात की सावधानी रखी जाती है कि दीया पैर से गिरने न पाए।

दीपावली के दिन असम , मणिपुर , नागालैंड , मेघालय, त्रिपुरा , अरुणाचल , सिक्किम और मिजोरम में काली पूजा का खासा महत्व है। दीपावली की मध्य रात्रि तंत्र साधना के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। तंत्र साधक लोगों द्वारा पूरी रात तंत्र साधना कर बिताई जाती है। इसी तरह गुजरात में दीपावली से एक दिन पूर्व की रात में घरों के द्वार पर रंगोली बनाने की रीत चली आ रही है। पश्चिम भारत शुरू से ही व्यापार और व्यापारियों का गढ़ रहा है। यही कारण है कि लगभग सभी घरों में देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए चरणों को बनाया जाता है। दीवाली का पर्व गुजरात में व्यापारियों के चलते नए वर्ष के रूप में मनाया जाता है। दीपावली के दिन नए उद्योग की स्थापना , नई दुकान का शुभारंभ , संपत्ति की खरीदी , कार्यालय आदि के उदघाटन को अति शुभ माना जाता है। हमारे देश में पर्यटन के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले गोवा की दीपावली भी काफी रोचकता लिए होती है। समुद्र तट पर बसे गोवा में गोवा वासियों द्वारा पारंपरिक नृत्य और गान के साथ दीवाली की शुरूआत की जाती है। यहां भी दीपावली का पर्व पांच दिवसीय होता है। दीपावली के अलावा गोवा में दशहरा का पर्व भी आकर्षक रूप में मनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश , दिल्ली और पंजाब में दीवाली की रात सामाजिक बुराई को अपनाते हुए लोग जुआ खेलते हैं ! इसे सभी लोग एक परंपरा स्वीकार करते हुए शुभ मानते हैं। इसी तरह हरियाणा के गांव में दीपावली कुछ अलग ढंग से मनाई जाती है। घर की दीवार पर ₹ अहोई माता ₹ की तस्वीर बनाई जाती है , जिस पर घर के सदस्य का नाम लिखा है। साथ ही पूरे आंगन को मोमबत्तियों और दीयों से सजाया जाता है। हर घर से चार दीपक चौराहे पर रखे जाते हैं , जिसे टोना कहा जाता है। मध्य प्रदेश में देश के दो मुख्य राज्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ आते हैं। दोनो राज्यों में दीपावली पर्व पांच दिवसीय होता है। यहां के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में दीपदान का रिवाज है। इस अवसर पर आदिवासी स्त्री एवं पुरुष आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इन क्षेत्रों में धनतेरस के दिन से यमराज के नाम दीया जलाया जाता है। यह दीप घर के मुख्य द्वार पर सजाया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि घर में मृत्यु का प्रवेश न हो।



## एक नजर

### महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्र में मतदान एवं मतगणना के दौरान शुष्क अवधि घोषित

**कांकेर, 2 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने महाराष्ट्र राज्य में होने वाले विधानसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिले के महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र एवं 05 किलोमीटर तक की परिधि में मतदान तिथि 20 नवम्बर को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व एवं मतगणना तिथि 23 नवम्बर को शुष्क अवधि/शुष्क क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। चूंकि महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र जिले की सीमा से लगी है, अतः कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त तिथियों में महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र एवं 05 किलोमीटर क्षेत्र की परिधि में शुष्क क्षेत्र घोषित किया है। उक्त परिधि में जिले की किसी भी मदिरा दुकान को बंद नहीं करने, किन्तु चुनाव के दौरान मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक महाराष्ट्र राज्य से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में 05 किलोमीटर तक की परिधि में शुष्क अवधि/शुष्क क्षेत्र घोषित किया गया है।

### पंचायत चुनावों में मतपत्रों के मुद्रण के लिए मुहरबंद निविदाएं 18 नवम्बर तक आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,2 नवंबर।** । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा फार्म ( मूल्य रूपये 100 है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में कार्यालय में दिनांक 18 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपराह्व 4 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### लौह पुरुष पटेल के जन्म दिवस पर कलेक्टर ने दिखाई एकता दौड़ को हरी झंडी

**दंतेवाड़ा,2 नवंबर।** । जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, के संयुक्त तत्वाधान में दंतेवाड़ा के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से दौड़ लगाया। यह एकता दौड संयुक्त कार्यालय भवन दंतेवाड़ा से प्रारम्भ हो कर पुलिस लाईन कारली में जाकर समाप्त हुआ दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को एक रखने का संदेश दिया गया। इस दौड़ में श्री राजेश पात्रे अपर कलेक्टर, श्री अभिषेक तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दन्तेवाड़ा, श्री राम वर्मन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डॉ. आर.एल. गंगेश, मु. चिकित्सा अधिकारी, श्री एम. के. अम्बस्ट, जिला शिक्षा अधिकारी, श्री पवन मेरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री प्रदीप सिंह, सहायक खेल अधिकारी ने विभाग की ओर से सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नगरीय निकायों में मतपत्रों के मुद्रण के लिए मुहरबंद निविदाएं 18 नवम्बर तक आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,2 नवंबर।** । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा में वर्ष 2024 में होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की गई है। इस संबंध में निविदा फार्म (मूल्य रूपये 100 है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में 18 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपराह्व 4 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। मुद्रण के लिए कागज निर्वाचन शाखा द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में बैठक

**दंतेवाड़ा,2 नवंबर** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम के संबंध में एवं मतदाता सूची, फोटोरहित मतदाता सूची की सी.डी. एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं की सूची निःशुल्क प्रदाय करने के संबंध में दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष दंतेवाड़ा में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर 2024 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं का प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,समस्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त मतदान केन्द्रों में किए गये प्रकाशन के संबंध में अवगत कराया गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची, फोटोरहित मतदाता सूची की सी.डी. एवं सेवा निर्वाचक मतदाताओं की सूची निःशुल्क प्रदाय किया गया। प्रारंभिक प्रकाशन पश्चात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-दंतेवाड़ा (अजजा) की जानकारी विवरण 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 2011 जनगणना अनुसार जनसंख्या 283479, जनसंख्या (अनुमानित) 328962, पुरूष - 88999, महिला-102173, तृतीय लिंग -मतदाता 191173, मतदाता लिंगानुपात 1148,जनसंख्या लिंगानुपात 1024, जिले का इपी रेश्यो 58.59,जिले में युवा मतदाता. 3275, ( पुरूष 1704, महिला- 355 )बैठक में प्रदाय किया गया।

# ड्यूटी के अलावा सतर्कता का व्यवहार विकसित करना जरूरी

## एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**हैदराबाद, 2 नवंबर,** । भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का समापन अखंडता और नैतिक प्रथाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए एक समारोह के साथ किया। 16 अगस्त 2024 से प्रारम्भ होकर 15 नवंबर तक चलने वाले तीन महीने के जागरूकता अभियान में परियोजना स्थलों और मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 28 अक्टूबर 2024 को प्रारम्भ हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन मुख्यालय में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर श्री महेश एम. भागवत, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था), हैदराबाद के मुख्य भाषण सत्र के साथ संपन्न हुआ। जिसके बाद सतर्कता विभाग की गृह पत्रिका का विमोचन किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों, कर्मचारियों और हितधारकों को पुरस्कार वितरित किए गए। समापन कार्यक्रम में श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और (कार्मिक, अतिरिक्त प्रभार) और श्री बी विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित एनएमडीसी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एनएमडीसी कर्मचारियों के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री महेश एम. भागवत, आईपीएस, अपर डीजीपी (एलएंडओ) हैदराबाद ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता प्रतिबद्धता और निष्ठा के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने वयस्कों के व्यवहार को आकार देने वाले विकासात्मक चरणों पर सिगमंड फ्रायड के सिद्धांत का उदाहरण देते हुए, बताया कि संचालन के लिए अखंडता किस प्रकार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के अलावा सतर्कता का व्यवहार विकसित करने और एक निष्पक्ष और भरोसेमंद कार्यस्थल बनाने की साझा जिम्मेदारी के लिए प्रोत्साहित किया । उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने सतर्कता टीम की वर्षभर लगातार किए गए प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि सतर्कता संगठन दोष-खोजने वाली संस्था से कहीं अधिक है। एनएमडीसी ने 100 मिलियन टन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्षमता निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है । यह एक बडा कदम है, जिसके लिए हमें सुव्यवस्थित, सुविचारित निर्णय लेने की आवश्यकता है। सही डिजिटल उपाय पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाते हैं। निवारक सतर्कता से प्रक्रियाएं बेहतर और प्रणालीबद्ध बनती हैं जिससे व्यक्तिगत विवेक से निर्णय लेने की निर्भरता सीमित हो जाती है÷। उन्होंने प्रतिभागियों से निवारक सतर्कता गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने, पारदर्शिता के लिए प्रणालियों को मजबूत करने और सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप मानक खरीद प्रथाओं का पालन करने का आग्रह किया। श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने संगठनों के भीतर निष्पक्ष, नैतिक और सुस्थिर प्रक्रियाओं को अपनाने में सीवीसी के दिशानिर्देशों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने क्षमता-निर्माण पहल की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷हैदराबाद, बैलाडीला, जगदलपुर, नगरनार, पन्ना और दोणिमलै में 28 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 1,800 से अधिक छात्र शामिल हुए। हैदराबाद में हमने 1,000 छात्रों को विभिन्न स्किट और अन्य गतिविधियों में शामिल किया।÷ कार्यक्रम के दौरान इन-हाउस सतर्कता पत्रिका, के चौथे संस्करण का विमोचन किया गया, जो कर्मचारियों और हितधारकों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगा। पूरे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, विभिन्न परियोजनाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, स्लोगन लेखन, भाषण, निबंध लेखन और सर्वोत्तम हाउसकीपिंग पहल शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन सत्र के दौरान सम्मानित किया गया और संगठन के भीतर नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने में उनके योगदान की सराहना की गई। एनएमडीसी ने इस सप्ताह के दौरान 31 अक्टूबर, 2024 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। दौड को मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बी. विश्वनाथ और सीजीएम श्रीमती जी.प्रियदर्शिनी ने हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया। एनएमडीसी कर्मचारियों ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारत के लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की और सप्ताह की एकता और अखंडता की भावना को मजबूत किया।

# शासकीय सेवाकाल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास



**जगदलपुर, 2 नवंबर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समारोह में कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवाकाल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। आगामी दिनों में सेवानिवृत्ति दिवस पर ही शत-प्रतिशत सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान करने हेतु हरसंभव पहल की जाएगी। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने लम्बी अवधि तक शासकीय दायित्व निभाने और जनसेवा करने तथा शासन-प्रशासन का सहयोग देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई दी।कलेक्टर ने बुधवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माह अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने बताया कि सितंबर माह में सेवानिवृत्त 20 शासकीय सेवकों में से 12 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के प्रकरणों में जल्द कार्यवाही पूर्ण कर पीपीओ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आगामी माह अन्य स्वत्वों के भुगतान के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सेवानिवृत्ति दिवस पर ही सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान करने सहित सम्मानित किए जाने की पहल को सराहनीय प्रयास निरूपित किया। इस दौरान जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त शासकीय सेवक मौजूद थे।

# अंदरूनी ग्रामों में बस परिचालन को दुरुस्त करने में जुटा जिला प्रशासन



**दंतेवाड़ा,2 नवंबर।** जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को यात्री बस सुविधा उपलब्ध कराकर उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस क्रम में आज जिला कार्यालय परिसर में जिले के कटेकल्याण, मैलावाड़ा, एवं गीदम के युवा समूह क्रमशः जय बस्तर युवा समूह कटेकल्याण, गंगादई बस ट्रेवल्स मैलावाड़ा, दंतेश्वरी समूह गीदम के युवाओं को क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी द्वारा नये बसों की चाबियां सौंपी गई। इस मौके पर विधायक ने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिम्मेदारी पूवर्क बस संचालन की समझाइष भी दिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं कलेक्ट्रेट परिसर में बस चलाकर ''टेस्ट ड्राइव'' भी किया। ज्ञात हो कि कटेकल्याण का युवा समूह बड़े गुडरा से गुड़से तथा मैलावाड़ा का समूह भूसारास से दंतेवाड़ा तथा गीदम का समूह भटपाल से कटेकल्याण तक ग्रामीणों को बस सुविधा उपलब्ध कराएगा। इन बस सर्विसों का रूट अनुसार दंतेवाड़ा से बड़ेगुडरा, कटेकल्याण, गाटम, मेटापाल, मेंदोली, जराम, पोन्दुम, दंतेवाड़ा, गंजेनार, नकुलनार, कुआकोंडा, मैलावाड़ा, मोखपाल, बड़ेगुडरा, तक। दंतेवाड़ा से पोटाली अरनपुर, समेली, मालेंडा, पालनार, गोंगपाल, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा तक। दन्तेवाड़ा से छिंदनार, मोफलनार, तुमनार, बड़ेसुरोखी, समलूर, गीदम, दंतेवाड़ा तक। दंतेवाड़ा से भुसारास, मोखपाल, मैलावाड़ा, नकुलनार, गंजेनार, दंतेवाड़ा, तक। दंतेवाड़ा से नारायणपुर, सातधार, हितामेटा, बारसूर, रोंजे, हीरानार, गीदम, दंतेवाड़ा निर्धारित रहेगा। इस मौके पर इन युवाओं में से सखाराम ठाकुर, शिवनाथ, छन्नू राम ताती, ललिता, मुकेश, हेमकुमार पांडेय ने शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वास दिलाया कि वे बस परिचालन की जिम्मेदारी को पूरी क्षमता से उठाएगें। इसके साथ ही गीदम के अन्य युवा बिसरो राम को टैक्सी परिचालन हेतु बोलेरो वाहन दिया गया। ज्ञात हो कि जिले के अंदरूनी इलाकों में बस सुविधा उपलब्ध न होने से यहां के रहवासियों को हमेशा आने जाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ता था इसके चलते उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी इस मांग को रखा था और प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में बस सुविधा परिचालन प्रारंभ किया जाएगा। इन समूहों को बस प्रदाय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत तथा जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से दिया गया है। निश्चय ही बस सुविधा उपलब्ध होने से यहां के ग्रामीणों को आने जाने में अब सहुलियत होगी। इस मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, एसपी श्री गौरव राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**दंतेवाड़ा,2 नवंबर।** जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधियों से रोगी को मिलता है, किसी और चिकित्सा पद्धति में नही, कारण ये पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। इनके अनुसार ऋतुचर्या तथा आहार चर्या के कारण ही हमारे पूर्वज लंबी आयु जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बने रहते थे। उक्त आशय संबंधी उद्बोधन विधायक श्री चैतराम अटामी ने आज बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय आयुष विभाग द्वारा शिविर मे कही। भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में श्री अटामी ने आगे कहा कि आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। अतः आमजन अभी से ही आयुर्वेद को अपनाये और शरीर को स्वस्थ रखे।मौके पर आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जगदंबा पांडा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें वात रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, बवासीर, रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, उदार रोग, दमा, मधुमेह, सभी प्रकार के रोगियों के रोग रोगी यहां पर उपस्थित हुए हैं जिसमें अभी तक के 240 रोगियों का पंजीयन हो चुका है, और आगे यह शिविर 4 बजे तक निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री विजय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जा रहा जिले में नशा मुक्ति कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा, 2 नवंबर ।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शासन एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आम नागरिकों को नशे से दूर रहने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा कला मंडली के माध्यम से नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम जिले के विभिन्न विकास खण्डों में किया जा रहा है। इस क्रम में 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक स्थानीय साप्ताहिक बाजारों जैसे गीदम, भांसी, छिंदनार, बोदली तथा सुरनार में किया गया। कला मण्डली द्वारा अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

# बस्तर ओलम्पिक का सफल एवं सुचारू आयोजन सुनिश्चित करें :कलेक्टर

**जगदलपुर,2 नवंबर।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक का सफल एवं सुचारू आयोजन सुनिश्चित किया जाए। बस्तर ओलंपिक के क्लस्टर स्तर पर आयोजन में सांसद, विधायक, जिला व जनपद के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। क्लस्टर स्तर की गतिविधि में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहकर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री हरिस एस मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर ओलम्पिक के तहत क्लस्टर स्तर के आयोजन हेतु पेयजल, भोजन, स्वास्थ्य जांच, पुरस्कार देने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने सहित सेल्फी जोन एवं फोटो बूथ भी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ श्री उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने धान खरीदी में खसरा सत्यापन की स्थिति की समीक्षा करते हुए खसरा सत्यापन व गिरदावरी कार्य में विसंगति पर एसडीएम को संबंधित मैदानी अमलों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने 3 वर्ष से अधिक अनाधिकृत अनुपस्थित या कर्तव्य विमुख शासकीय सेवकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही पर विभागों से जानकारी ली तथा संबंधितों के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने निर्देश दिए। साथ ही विभागीय जांच करने के लिए सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, वनमण्डलाधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर, तोकापाल एवं बस्तर को निर्देशित किए। वहीं गलत एन्ट्री करने वाले स्क्रेपिंग व्हीकल के लिए आवश्यक कार्यवाही पर विभागों से चर्चा किए। स्कूल एवं आंगनबाड़ी के जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करवाने के लिए पीडब्लूडी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सिंचाई सुविधा की उपलब्धता के अनुरूप सिंचाई जलाशयों एवं तालाबों के समीप मक्के व सूरजमुखी की खेती को बढ़ाने पर चर्चा किए। साथ ही मिर्च की खेती को प्रोत्साहित किए जाने कहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान भण्डारण हेतु उचित मूल्य दुकानों से डीडी राशि प्रति माह समय पर जमा कराने के संबंध में निर्देश दिए। सहकार से समृद्धि अन्तर्गत सोसायटी गठन की कार्यवाही करने पर चर्चा किए। उन्होंने केंद्रीय जेल के विकास कार्य को प्रगति देते हुए दिसम्बर माह तक पूर्ण करवाने कहा। नियद नेल्लानार भौतिक सर्वे की स्थिति पर चर्चा कर 37 योजनाओं का एन्ट्री करवाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण कार्यो में प्लींथ लेवल से लिंटन स्तर तक नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर आवास पूर्णता हेतु तेजी लाए जाने कहा। वहीं अप्रारंभ आवास हेतु आरआरसी के कार्यवाही के साथ-साथ निर्माण कार्यो को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। स्थाई प्रतिक्षा सूची में शेष बचे परिवारों के संबंध स्वीकृति हेतु शेष तथा अपात्र के आधार पर प्रगति की समीक्षा किए। आवास प्लस में शामिल परिवारों को प्रथम किस्त जारी स्थिति की समीक्षा किए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की प्रगति, वाटर मैनेजमेंट, एफएससी प्लांट के संचालन पर वाहन की व्यवस्था के लिए यूजर चार्ज लेने पर चर्चा किए। सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य, स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन निर्माण कार्य, वर्मी नाडेप, सोकपिट के निर्माण को जल्द पूर्ण करवाने कहा। उन्होंने बैंक लिंकेज प्रगति के तहत एनआरएलएम में ब्लॉक स्तर पर पहला लिंकेज को सम्मीशन किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही इंटरप्राइजेस फाइनेन्स को बढाने पर जोर दिया। मनरेगा अन्तर्गत आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति, पीडीएस दुकान निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए पूर्ण नए भवनों में संबंधित विभाग को अधिग्रहण कर उपयोग करना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडीएस के अन्तर्गत माह नवम्बर हेतु चावल, शक्कर, चना, नमक, गुड़ इत्यादि के भण्डारण हेतु राशि जमा की भी समीक्षा किए और संचालकों से समय पर राशि जमा करवाए जाने कहा। साथ ही ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति और जिले में निरस्त राशन कार्ड एवं निरस्त सदस्यों की जानकारी ली और नवीनीकरण हेतु शेष योजनावार राशनकार्डो की कार्यवाही 8 नवम्बर से पहले कम्पलीट करने के निर्देश दिए। बैठक में पीडीएस बारदाना की उपलब्धता पर भी चर्चा किया गया।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के लिए नवीन पंजीयन की विकासखण्डवार वेरीफीकेशन 8 नवम्बर तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

# कार की टक्कर से सायकिल सवार की स्थिति गंभीर



**बीजापुर, 2 नवंबर।** 12 बजे के आसपास बीजापुर के मुसालूर चौक पर कार और सायकिल सवार के बीच जबरदस्त भिंडत हुई है इस घटना मे सायकिल सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है वही कार चालक सहित दो बच्चों को मामूली चोट पहुंची है कार नैमैड की बताई गई है घटना के पश्चात घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है साइकिल सवार की सिथति गंभीर बताई गई है घटना की सूचना थाने मे दी गई है तथा वैधानिक कार्य वाही की जा रही है कार किसकी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है

## एक नजर

### लक्ष्मी पूजा व दीपावली पर धर्मनगरी राजिम का बाजार चमका, करोड़ों की खरीददारी



**राजिम 2 नवंबर।** दीपावली पर्व पर शुक्रवार को धर्म नगरी का बाजार चमक गया। यहां के रायपुर रोड, राजीव लोचन मार्ग, गरियाबंद देवभोग मार्ग, फिंगेश्वर महासमुंद मार्ग के साथ ही आमापारा रोड पर भीड़ की अनेक दृश्य बनते रहे। साल भर में यह पहला मौका है की हर पांच मिनट में गाड़ियों का रेला लगा हुआ दिखाई दिया। अपने आवश्यकता के सामान खरीदने के लिए लोग दुकानों में नजर आए। पार्किंग की जगह नहीं होने के कारण अधिकांश लोग सड़क पर ही अपने बाइक से लेकर चार पहिया वाहन तक खड़ी करते रहे। जिसके चलते चौड़ी सड़क भी संकरी हो गई। वैसे भी शहर की आबादी निरंतर बढ़ रही है लेकिन सड़कों की चौड़ाई जस की तस हैं। इलेक्ट्रॉनिक सामानों से लेकर, जनरल पूजा के समान, कपड़े, गहने, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहनों के खूब बिक्री होने की जानकारी मिली है। बताया जाता है कि करोड़ों रुपया का लेन-देन एक ही दिन में हुआ है। भीड़ को देखते हुए पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर पुलिस के जवानों की व्यवस्था की गई थी ताकि वह यातायात को सुरक्षित करें, सुबह से लेकर देर शाम और रात में भी अच्छी खासी भीड़ रही। मेला ग्राउंड में कल 22 पटाखे की दुकान लगी हुई है। फटाका के खरीदार भी बच्चों के साथ आते रहे और अपने मन माफिक पटाखे क्रय करते रहे। बताना जरूरी होगा कि शिवाजी चौक और महामाया चौक पर इतनी भीड़ पहली बार देखने को मिली। शहर में आज लक्ष्मी पूजन मनाया जाएगा तथा कल यानि शनिवार को गोवर्धन पूजा गौ माता को खिचड़ी खिलाया जायेगा।

### आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर दिया गया उद्बोधन

**धमतरी, 2 नवंबर।** जिला आयुष विभाग धमतरी द्वारा बीते दिन राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रींस धमतरी में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषय पर नवम् आयुर्वेद दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक धमतरी डॉ. अवध पचौरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर स्थल पर औषध प्रदर्शनी, आयुर्वेद नवाचार के लिए मॉडल, पोस्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया या।

कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद श्रीमती सुशीला तिवारी एवं श्री कविंद्र जैन ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर के साथ भगवान धनवंतरी की पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. प्रेमा सिंह द्वारा आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर उद्बोधन दिया गया। स्कूल वैलनेस के लिए आयुर्विद्या विषय पर कक्षा नवमीं की छात्रा गरिमा पचोरी एवं कार्य स्थल पर वैलनेस के लिए आयुर्वेद विषय पर डॉ. अवध पचौरी द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 वें आयुर्वेद दिवस पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नवाचार विषय पर दिए गए उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। प्रदर्शनी में सुप्रजा के लिए प्रस्तुत मॉडल डॉ. अखिलेश साहू, मिलेट्स का आहार में उपयोग पर डॉ. वर्षा देव, विभिन्न प्रकार के बर्तनों का उपयोग करते हुए औषधि एवं आहार के गुण में वृद्धि डॉ. रिचा त्यागी, वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर डॉ. संदीप पटवा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रवीण चंद्राकर द्वारा आभार प्रदर्शन कर किया गया।

### दावा-आपत्ति 6 नवम्बर तक आमंत्रित

**धमतरी, 2 नवंबर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, की धारा-30 के प्रावधानों के तहत धमतरी अंतर्गत जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण उपरांत अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन परिशिष्ट-एक में जारी किया गया है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने उक्त अधिसूचना को सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और तहसीलदार कार्यालय में चस्पा कर प्रकाशन का पंचनामा कलेक्टोरेट कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा-30 के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी द्वारा सारणी के स्तंभ दो में अंकित जिला को स्तंभ तीन में वर्णित निर्वाचन क्षेत्र क्रमांकों में जिनकी सीमा उनके सामने अंकित स्तंभ चार में उल्लेखित अनुसार होगी, विभाजित की गई है। निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी वयस्क निवासी सारणी में अंतर्विष्ट किसी बात के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह आगामी 06 नवम्बर तक कलेक्टर को लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा। बताया गया है कि निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर तत्पश्चात् विनिश्चय प्रकाशित किया जाएगा।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार तथा विलोपन का कार्य 28 नवंबर तक

**कांकेर, 2 नवंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 79-अन्तागढ़ (अजजा), 80- भानुप्रतापपुर (अजजा), 81-कांकेर (अजजा) अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों में आज 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी पात्र मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी अथवा मतदान केन्द्र में उपस्थित अभिहित अधिकारी के पास 28 नवंबर 2024 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार करने तथा नाम विलोपन हेतु निर्धारित प्रपत्र में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे-आपत्तियों की निराकरण पश्चात् 06 जनवरी 2025 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## दो अवैध क्लिनिक सील, दो को कारण बताओ नोटिस

# जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, शिक्षक के घर से भी मिली दवाइयां



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 2 नवंबर।** जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त टीम ने बुधवार को फिंगेश्वर ब्लॉक के कई गांवों छापेमार कार्यवाही कर दो अवैध क्लीनिक को सील किया है साथ ही दो संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। छापामारी के दौरान ये सभी क्लिनिक नियम विरुद्ध संचालित पाए गए। इस दौरान टीम ने यहां से बड़ी मात्रा में दर्द के इंजेक्शन, एक्सपायरी दवाइयां, प्रेगनेंसी कीट, अबॉर्शन कीट, एंटीबायोटिक भी बरामद किए है। जिसे जप्त कर लिया गया। इसके अलावा मौके पर कई ऐसी दवाइयां भी मिली है जो विशेषज्ञ डॉक्टर के सलाह के बिना नहीं दी जा सकती। कार्यवाही के बाद झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों से पता चला की कार्यवाही की भनक लगते ही कई झोलाछाप डॉक्टर पहले ही अपनी दुकान बनकर भाग निकले थे।उल्लेखनीय है कि विगत कुछ वर्षों से जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गई है। गांव-गांव में झोला छाप डॉक्टरों का जाल बिछा हुआ है। ये झोला छाप डॉक्टर ग्रामीण अंचल में अवैध रूप से निजी क्लीनिक संचालित कर स्वास्थ्य सेवा देने के नाम पर मरीजों की जेब काट रहे हैं साथ ही मरीजों की जान से खिलवाड़ भी कर रहे है। लगातर इसकी शिकायत मिलनें के बाद बुधवार को जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ गार्गी यदुपाल के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम लचकेरा, रजनकट्टी, कोसमबुढ़ा और भेंद्री में औचक छापेमार कार्यवाही की।कार्यवाही के दौरान ग्राम लचकेरा में रजनकट्टी में , कोसमबुढ़ा में और ग्राम भेंद्री में अपने घरो में अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन करते पाए गए। इनके घर से बड़ी संख्या में एक्सपाइरी दवाइयां, इंजेक्शन, प्रेगनेंसी कीट सहित कई प्रकार के दवाइयां बरामद हुई है। बताया जाता है इसमें भेंद्री के सरकारी शिक्षक यहां अवैध रूप से क्लिनिक संचालित होते पाया गया। इसके बाद भी अवैध गतिविधियों में सलिप्त पाए गए। संयुक्त टीम में दो क्लिनिक को सील करते हुए उनसे दोबारा अवैध क्लिनिक संचालित नहीं करने का शपथ पत्र भी लिया। इसके अलावा दो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस दौरान संयुक्त टीम में शिशू रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकुश वर्मा, डीएचओ डॉक्टर लक्ष्मीकांत जांगड़े, डॉक्टर सुनील रेड्डी के साथ ही फिंगेश्वर थाना से एएसआई सोमेश्वर ठाकुर भी शामिल थे। गौरतलब है की जिला प्रशासन द्वारा ऐसे लूटखसोट करने वाले निजी छोपाछाप क्लीनिक के खिलाफ लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। साथ ही लोगो को जिला अस्पताल या ब्लॉक स्तर में संचालित सरकारी अस्पतालों अपनी बीमारी दिखाने और इलाज कराने अपील कर रहे है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के भोलेभाले लोग दलालों के चक्कर में आकर कुकुरमुत्ते की तरह गांव गांव में चल रहे अवैध क्लीनिक का ही सहारा लेते है और अपनी जेब ढीली कर कई बार अपनी जान भी जोखिम लगा बैठते है।

### एक्सपायरी डेट की दवाई मिलना गंभीर बात

छापेमारी के दौरान टीम ने डेका डोबिन इंजेक्शन 500, प्रेगनेंसी कीट, बीपी मशीन, थर्मामीटर, डिक्लोफेनाक इंजेक्शन, ऑप्टिनेयरोन इंजेक्शन, जेंटामाइसिन इंजेक्शन, डेक्सामेथासोन इंजेक्शन सहित दर्द, बुखार, सं मण की भी कई प्रकार की दवाई और इंजेक्शन जप्त किए है। वही एक्सपायरी डेट की दवाई मिलना अपने आप में ही गंभीर बात है इससे कई लोगों की जान जा सकती थी



### अवैध क्लिनिक पर की जा रही है कार्रवाई

इधर, जिले में अवैध क्लिनिक के साथ ही धड़ल्ले से अवैध नर्सिंग होम भी संचालित किए जाने की शिकायत है। नियम विरुद्ध संचालित अवैध नर्सिंग होम में लोगों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मालूम हो कि कुछ माह पहले ही अवैध नर्सिंग होम में एक महिला को डॉक्टर के लापरवाही और समुचित इलाज नहीं करने के चलते मौत हो गई थी। बाद में मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अवैध नर्सिंग को सील कर दिया था। इसके कुछ दिन बाद फिर छुरा ब्लॉक के एक हॉस्पिटल में गर्भवती महिला के पेट में ही बच्चे की मौत होने का मामला सामने आया था। विभाग के कार्यवाही के बाद अब अवैध नर्सिंग होम और हॉस्पिटल चलाने वालों को भी कार्यवाही की चिंता सताने लगी है।

### क्या कहा जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने

*इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी पाल यदु से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि लंबे समय से अवैध क्लिनिक संचालन की सूचना मिली थी। टीम बनाकर छापेमार कार्यवाही की गई, जिसमें चार क्लिनिक अवैध रूप से संचालित पाए गए। दो को सील किया गया है। क्लिनिक में एक ही इंजेक्शन का उपयोग कई मरीजों कर किया जा रहा था। कई एक्सपाइरी दवाइयां भी जप्त की है। एक्सपायरी डेट की दवाएं मिलना निश्चित रूप से गंभीर बात है।*

# जिले के खाद्य परिसरों का किया गया निरीक्षण

**धमतरी, 2 नवंबर।** दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के अंतर्गत खाद्य परिसरों- श्री वीरम स्टोर्स नगरी, जायका जहान धमतरी, जे0सी0 चॉकलेट धमतरी, जतिन ट्रेडिंग धमतरी, गोपी डेयरी धमतरी, ओम प्रोविजन स्टोर्स धमतरी, श्री भगवती बेकरी धमतरी, अमर प्रोविजन स्टोर्स धमतरी, जैन सुपर बाजार धमतरी, शैल सुपरं मार्ट रत्नाबांधा, श्री रामजानकी लेनदेन केन्द्र रत्नाबांधा का निरीक्षण किया गया।

वहीं महांनागणेशी बिकानेर स्वीट्स कुरूद, अनुराधा स्वीट्स कुरूद, कृष्णा स्वीट्स कुरूद, श्री शुभ डेयरी भखारा, कृष्णा डेयरी एवं डेलीनीड्स भखारा, गौरव सुपर कलेक्शन मगरलोड, निषाद किराना स्टोर्स मेघा, का निरीक्षण किया गया एवं जांच हेतु बेसन लड्डू, स्वीट केक, पेड़ा, अमूल ताजा, वनस्पति घी, शक्कर, मैदा, मैसूर पाक, रसगुल्ला, सोनपापड़ी, खोवा, बेसन, पनीर, दूध, खाद्य तेल का नमूना संग्रहण किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त वस्तुओं का संग्रहण कर परीक्षण/जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में प्रयोग करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने की समझाईश दी गई। साथ ही किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थों जिसमें निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अंकित नहीं हो विक्रय नहीं करने, अखबारी स्याही युक्त कागज में खाद्य पदार्थ नहीं परोसने हेतु निर्देशित किया गया है। इस मौके पर टी.पी.एम. मीटर से खाद्य पदार्थों को तलने वाले तेल की गुणवत्ता की जांच की गई। ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच परखकर, खाद्य पदार्थों का अवसान तिथि, खाद्य लायसेंस/पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करने कहा गया।

# स्वयंसेवकों ने हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के साथ मनाई दिवाली



**पत्थलगांव, 2 नवंबर।** हॉस्पिटल मे भर्ती मरीजो को यह नही मालुम था कि उनकी दिवाली भी अब रौशनी से जगमगायेगी। बिमारी से जुझ रहे सैकडो मरीजो के चेहरो पर उस समय खुशी छलकने लगी जब राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक दर्जनो की तादाद मे हॉस्पिटल पहुंचकर वहा भर्ती मरीजो से दिवाली की खुशियां साझा करने लगे,इस तरह की पहल शहर मे शायद ही पहले कभी देखने को मिली थी,जब परिजनो को छोडकर स्वयं सेवक हॉस्पिटल के मरीजो के साथ दिवाली मनाने लगे। ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय के स्वयं सेवको को मरीज इस तरह अपने बीच पाकर खुशी से नही समा रहे थे,कुछ बुजुर्ग मरीजो की आंखो से तो खुशी के आंसु भी छलक पडे। छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के क्षेत्रिय कार्यालय से मिले दिशा निर्देश के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मरीजो के साथ दिवाली का त्यौहार मना रहे थे। कार्यक्रम अधिकारी टी.आर पाटले ने बताया कि स्वयं सेवको की यह पहल मानवता के लिए एक नया इतिहास लेकर आयेगी। उनका कहना था कि स्वयं सेवक ब्लाक मे स्थित आस-पास क्षेत्र के अस्पताल एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र मे जाकर मरीजो से भेंठ मुलाकात,ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ-साथ उनके साथ दिवाली का त्यौहार भी मना रहे है।

उन्होने बताया कि जीव सेवा से बडा कोई धर्म नही है। अक्सर सभी लोग परिजनो के साथ मिलकर दिवाली की खुशियां मनाते है,परंतु अपनी बिमारीयों से जुझ रहे ग्रामीण तबका के मरीजो के पास अपनी खुशी बांटने के लिए ऐसे समय मे कोई उपलब्ध नही रहता। वे चाहकर भी अपनी मनोदशा किसी से साझा नही कर सकते। ऐसे अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको का मरीजो के साथ दीपावली जैसा प्रमुख त्यौहार मनाना एवं मरीजो की खुशियों को आपस मे बांटना आने वाले समय के लिए एक अच्छी सोच का प्रतीक है।

# विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने किया विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण





**फिंगेश्वर, 2 नवंबर।** शिक्षा में कसावट लाने विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा द्वारा फिंगेश्वर विकासखंड के प्राथमिक शाला खुड़ियाडीह,हायर सेकंडरी स्कूल खुटेरी,मिडिल स्कूल बिजली एवं प्राथमिक शाला सुरसाबांधा स्कूल का निरीक्षण किया गया. इस दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,साफ-सफाई, अध्ययन अध्यापन, नियमित उपस्थिति,अपार आई डी, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम संबंधी जानकारी शाला प्रमुखों से ली.इस अवसर पर उन्होंने सभी शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता पूर्ण देने, जिन विषयों के परीक्षा परिणाम अपेक्षित रूप से कम आएं है उनके विषय शिक्षक को अतिरिक्त क्लास लेकर परिणाम में सुधार लाने की बात कही. वहीं सभी छात्र छात्राओं का आय, जाति एवं निवास प्रमाण बनाने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया ताकि कोई भी विद्यार्थी शासन से मिलने वाली योजना के लाभ से वंचित न हो. अब अपार आई डी पहली से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का बनाया जाना है इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर लेवें. वहीं सभी विद्यार्थी नियमित रूप से शाला में उपस्थित रहें इनके लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते रहें.वही लगातार अनुपस्थित रहने वाले एक विद्यार्थी को कलम देकर उन्हें नियमित रूप से शाला आने हेतु प्रेरित किया.संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बच्चों के शैक्षणिक क्रियाकलापों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा नैतिक, शारीरिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देंने हेतु प्रोत्साहित किया गया. ताकि बच्चे भविष्य में आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण कर सकें. इस मौके पर संकुल समन्वयक भुवन यदु, नरेश साहू,दशरथ वर्मा, प्राचार्य याचना जोशी, व्याख्याता संतोष ठाकुर, अनिल बर्रे, शिक्षक नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यदु एवं शाला के शिक्षक गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने रविन्द्र के इलाज के लिए सौंपा चेक

**कांकेर,2नवंबर ।** रेडक्रॉस सोसाइटी कांकेर के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम आंखीहर्रा निवासी श्रीमती अनिता कावड़े को उनके पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आवेदिका श्रीमती कावड़े ने कलेक्टर के समक्ष अपने पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था।

आवेदिका ने बताया कि पुत्र रविन्द्र के बाएं पैर की हड्डी टूट गयी है, जिस पर रॉड लगना है तथा अभी उसे शासकीय कोमलदेव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो कि इनके पिता का एक वर्ष पूर्व देहांत हो गया है। महिला की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वह दूसरों से उधार लेकर इलाज करा रही है, जिसके चलते उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदाय करने अनुरोध किया था।

इस पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए रविन्द्र के बेहतर इलाज के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला संगठक को आर्थिक सहायता राशि जारी करने निर्देशित किया था। स्वीकृति पश्चात दस हजार रूपये की राशि जारी कर कलेक्टर ने चेक आवेदिका श्रीमती अनिता कावड़े की ननद सुश्री रामेश्वरी कावड़े को सौंपा। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक श्री सतीश लाटिया और श्री राजा देवनानी भी मौजूद थे।

# बस्तर ओलम्पिक हेतु 14 हजार युवाओं का पंजीयन, संख्या में इजाफा करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर, 2 नवंबर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने आगामी माह प्रस्तावित बस्तर ओलम्पिक के लिए जिले के युवक-युवतियों के पंजीयन की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि इसके तहत अब तक 14 हजार लोगों का पंजीयन हो चुका है तथा इसमें शामिल होने वालों की संख्या में और भी इजाफा किया जाए। उन्हांने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को उनके क्षेत्र के अधिकाधिक युवक-युवतियों को जोड़ने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा के सीईओ को ऑफलाइन पंजीयन ज्यादा से ज्यादा कराने पर जोर दिया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से



आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगामी 05 नवम्बर को प्रस्तावित जिला स्तरीय राज्योत्सव के आयोजन की समीक्षा करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं पर आधारित स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ एवं राज्योत्सव के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा 15 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जियो टैगिंग नहीं किए जाने पर निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब होने पर असंतोष जाहिर करते हुए सभी जनपद सीईओ को अपने अधीनस्थों को प्राथमिकता से कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए दीपावली पर्व के बाद अनिवार्य रूप से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। साथ ही स्कूल जतन योजना के पहले चरण में स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के भी निर्देश कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

बैठक में इसके अलावा मनरेगा, सामाजिक अंकेक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज, लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, पीएम श्री, पोषण पुनर्वास केन्द्र, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ श्री हेमचंद पहारे, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, श्री बी.एस. उईके, श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ऑपरेशन मुस्कान: पुलिस ने 33 गुम बालक-बालिकाओं को ढूंढा

## आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से खोज कर लाया गया वापस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 नवम्बर।** विभिन्न समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यम से लगभग प्रतिदिन गुम इंसानों की सूचनाओं प्राप्त होती रहती है। किसी बालक/बालिका के गुमने से संबंधित परिवार एक प्रकार से टूट सा जाता है, क्योंकि उस परिवार का एक अमूल्य सदस्य कहीं गुम हो गया है, वह गुम होने वाला सदस्य किस हाल में होगा, कैसे होगा, कहां रह रहा होगा, क्या खा रहा होगा, बस इसी चिंता में पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान होते रहता है, जिससे पूरा परिवार एक प्रकार सा बिखर सा जाता है। इस प्रकार यह कह सकते हैं किसी परिवार के एक सदस्य के गुम हो जाने से पूरा परिवार टूट सकता है। सांथ ही गुम बालक/बालिकाओं को आपराधिक तत्वों द्वारा विभिन्न प्रकार के अनैतिक एवं अवैधानिक कार्यों में लगाने की भी संभावनाएं बनी रहती है, जिस कारण गुम नाबालिक बालक/बालिकाओं की खोजबीन करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। किसी गुम इंसान को ढूंढ कर पुनः उसके परिवार से मिलाना, उस परिवार की कोई खुशियां वापस लौटाने के साथ-साथ यह कार्य एक परोपकारी कार्य की श्रेणी में भी आता है।

उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 1 से 31 अक्टूबर तक गुम बालक/बालिकाओं की खोजबीन के लिए पूरे माह विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। जिसके तहत समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को गुम बालक/बालिकाओं की खोजबीन के लिए पृथक-पृथक टास्क देकर उनके मिलने की हर संभावित जगह, इनपुट आदि का संधारण कर तत्काल खोजबीन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान गुम बालक/बालिकाओं के परिजनों, स्कूल मित्रों आदि से पूछताछ पर मिली जानकारी एवं सायबर सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीमों को गुम बालक/बालिकाओं की खोजबीन के लिए रवाना किया गया। इसके साथ ही पुलिस कार्यालय में जिला मुख्यालय स्तर पर भी गुम बालक/बालिकाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर संबंधित स्थान के लिए तत्काल रवाना किया जाता था, जिससे गुम बालक/बालिकाओं के मिलने की संभावना प्रबल हो जाती थी सांथ ही इस कार्य का प्रतिदिन मॉनिटरिंग किया जा रहा था।

अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरहदी राज्यों आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से गुम बालक/बालिकाओं को सकुशल बरामद किया गया है। साथ ही आसपास के जिलों जैसे महासमुंद, रायपुर, बिलासपुर आदि से भी गुम बालक/बालिकाओं को बरामद किया गया है। संपूर्ण आपरेशन मुस्कान अभियान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा इस माह कुल 33 गुम बालक/बालिकाओं को बरामद करने में सफलता मिली है, जिन्हें विधिवत कार्यवाही पूर्ण कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने अधिकारी -कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

**बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारी व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई।प्रतिज्ञा लिया गया कि जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों क्रा पालन करुंगा। न तो रिश्वत लूंगा और न ही रिश्वत दूंगा। सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूंगा।जनहित में कार्य करूंगा। अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूंगा। भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को दूंगा। ज्ञातव्य है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2024 तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सतर्कता जागरूकता के प्रथम दिवस 28 अक्टूबर 2024 को जिला कार्यालय के साथ ही सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा अनुसार समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, संयुक्त कलेक्टर बी. आर. ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला शाखा रेड क्रॉस सोसायटी की सदस्यता सूची प्रकाशित

**बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा बलौदबजार- भाटापारा दीपक सोनी के निर्देशानुसार रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा बलौदाबाजार- भाटपारा की साधारण सभा की बैठक एवं प्रबंध समिति के गठन दिनांक 13 नवंबर 2024 को प्रस्तावित है इसके लिए जिला शाखा बलौदाबाजार-भाटपारा के संरक्षक, उपसंरक्षक एवं सदस्यों की सूची का प्रकाशन 30 अक्टूबर को किया गया है। उक्त सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सामने सूचना पटल पर लगायी गई है, सभी सदस्य सूची का अवलोकन कर सकते है यदि किसी भी सदस्य को प्रकाशित सूची में दावा करना हो तो आवेदन के साथ सदस्यता सूची के रशीद जमा करेंगे प्राप्त आवेदनों के अनुसार सदस्यों के पुनः सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### 9 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 26-27.10.2024 को थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर सब्जी मंडी बलौदाबाजार एवं ग्राम रवान में जुआ खेलते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 09 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी ?9150 जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

## पुलिस ने जुआरियों की धरपकड़ के लिए चलाया विशेष अभियान

# 71 जुआरी गिरफ्तार, नकदी जब्त

**■ कसडोल में 6, गिधपुरी 4, लवन 4, गिधौरी 4, पलारी 2 एवं थाना हथबंद, सिमगा, भाटापारा शहर, सुहेला में 1-1 प्रकरण दर्ज**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 2 नवम्बर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 31.10.2024 को जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस टीम द्वारा रुपये पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलने वाले आरोपी जुआरियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्र में घेराबंदी जुआ खेलते हुए कुल 71 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से नगदी 66, 490 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया।

अभियान में जुआरियों के विरुद्ध थाना कसडोल द्वारा 06, गिधपुरी 04, लवन 04, गिधौरी 04, पलारी 02, एवं थाना हथबंद, सिमगा, भाटापारा शहर, सुहेला द्वारा 01-01 प्रकरण दर्ज किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण अभियान में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा छापामार अभियान चलाते हुए विभिन्न थाना क्षेत्र में आरोपी जुआरियों के विरुद्ध कुल 24 प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध संबंधित थानों में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

आरोपियों के नाम, 1. तेजराम साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम बुडगहन थाना सुहेला, 2. कुंदन लाल साहू उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम बुडगहन थाना सुहेला, 3. नरेश वर्मा उम्र 52 साल निवासी ग्राम बुडगहन थाना सुहेला, 4. मेघनाथ यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पौंसरी थाना हथबंद, 5. नागेश्वर निषाद उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पौंसरी थाना हथबंद, 6. विकास मानिकपुरी उम्र 19 साल निवासी वार्ड क्रमांक 12 कसडोल थाना कसडोल, 7. चंदन साहू उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 कसडोल थाना कसडोल, 8. योगेश साहू उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 कसडोल थाना कसडोल, 9. साहेब लाल धींवर उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 कसडोल थाना कसडोल, 10. चेतन मानिकपुरी उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 कसडोल थाना कसडोल, 11. रविशंकर साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, 12. छतराम साहू उम्र 73 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, 13. गजबीर साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, 14. चंदराम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, 15. घासीराम साहू उम्र 73 वर्ष निवासी ग्राम बैगनडबरी थाना कसडोल, 16. चंद्र कुमार धींवर उम्र 25 वर्ष निवासी रामसागर पारा कसडोल थाना कसडोल, 17. धनुष केंवट उम्र 36 वर्ष निवासी गढ़पारा कसडोल थाना कसडोल, 18. देवेंद्र साहू उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 कसडोल थाना कसडोल, 19. सेवक कुमार क्षत्रिय उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 कसडोल थाना कसडोल, 20. किशन कुमार निर्मलकर उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 कसडोल थाना कसडोल, 21. सुबेलाल यादव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 22. रंजीत कुर्रे उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 23. माधव निषाद उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 24. देवनाथ यादव उम्र 45 साल निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 25. अशोक कुमार निषाद उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 26. प्रेम लाल निषाद उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 27. अजय बांधे उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 28. मनोज कुमार उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 29. सतीश दास मानिकपुरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 30. राजू चंद्राकर उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 31. घनश्याम यादव उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 32. हरेंद्र गेण्डरे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लटेरा थाना गिधपुरी, 33. भोला प्रसाद पांडेय उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम जुनवानी थाना गिधपुरी, 34. टकेश्वर निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जुनवानी थाना गिधपुरी, 35. रोहित निषाद उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम जुनवानी थाना गिधपुरी, 36. शीतल डहरिया उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी, 37. पवन ध्रुव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी, 38. धर्मेंद्र बंजारे उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी, 39. रमेश धृतलहरे उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम खैरघट थाना सिमगा, 40. राजू पाल उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम खैरघट थाना सिमगा , 41. अश्वनी कुमार निषाद उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खैरघट थाना सिमगा, 42. मणिशंकर हिरवानी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी थाना पलारी, 43. लखन बारले उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी थाना पलारी, 44. डायमंड मारकंडे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी थाना पलारी, 45. सत्यनारायण यादव उम्र 27 साल निवासी ग्राम कुम्हारी थाना लवन, 46. अक्षय कुमार फेकर उम्र 25 साल निवासी ग्राम कुम्हारी थाना लवन, 47. जगेश्वर लोधी उम्र 24 साल निवासी ग्राम कुम्हारी थाना लवन, 48. गोवर्धन साहू उम्र 35 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, 49. नानू कुर्रे उम्र 33 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, 50. कलेश्वर यादव उम्र 34 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, 51. लक्ष्मण साहू उम्र 45 साल निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, 52. रमेश कुमार साहू उम्र 45 साल निवासी ग्राम लाटा थाना लवन, 53. संतोष दास मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम लाटा थाना लवन, 54. संतोष कुमार साहू उम्र 55 साल निवासी ग्राम लाटा थाना लवन, 55. पंचराम मांझी उम्र 40 साल निवासी ग्राम लाटा थाना लवन, 56. यशवंत साहू उम्र 35 साल निवासी ग्राम सिरियाडीह थाना लवन, 57. रमऊ केंवट उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सिरियाडीह थाना लवन, 58. प्रेमचंद केवट उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सिरियाडीह थाना लवन, 59. रामबली पटेल उम्र 40 साल निवासी ग्राम अमलीडीह थाना लवन, 60. नारायण पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम अमलीडीह थाना लवन, 61. ठाकुर लाल केवट उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी, 62. सुखनंदन कोलता उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी, 63. शिव शंकर प्रधान उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी, 64. कलीराम प्रधान उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी थाना गिधौरी, 65. अमर पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम परसापाली थाना गिधौरी, 66. भगवानदीन पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम परसापाली थाना गिधौरी, 67. दीपक पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम परसापाली थाना गिधौरी, 68. अमी लाल पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम परसापाली थाना गिधौरी, 69. शिवा भारती निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, 70. शिवम साहू निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, 71. अरविंद कुर्रे निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

### जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**डोंगरगढ़, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जंगल में जुवाडियो की फ्ड़ पर पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए सफ्लता मिली है परंतु पकड़े गए आरोपियों से पुलिस को मामूली रकम सहित मौका स्थल से दर्जनों मोटर साइकिल को जप्ती बनाने में सफ्लता मिली है वहीं रात में अंधेरे का फ़ायदा उठा जंगल के रास्ते दर्जनों जुवारी भाग गए. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 29 अक्टूबर 2024 को चौकी मोहारा को सूचना मिला कि ग्राम बनबोड़ से जंगल जाने के आम रास्ता के पास में मोमबत्ती की रोशनी में कुछ व्यक्ति रूपये पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर चौकी प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत के बाद मार्ग निर्देशन व एसडीओपी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर टीम गठित कर ग्राम बनबोड़ से जंगल जाने के आम रास्ता के पास स्थित कलामंच के पास पंहूचे जहां कुछ व्यक्ति जुआ खेलते मिला जिसे घेराबंदी कर आरोपी चिरौजी पिता देवादास उम्र- 35 साल, निवासी नयापारा अछोली थाना डोंगरगढ़, देवा लहरे पिता सुखीराम लहरे उम्र- 32 साल निवासी बेलगांव थाना डोंगरगढ़, विकास कोसरे पिता प्रकाश कोसरे उम्र- 27 साल साकिन अर्जुनी थाना डोंगरगांव आदि हैं।

## जुआरियों पर डोंगरगढ व मोहारा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# ताश से खेल रहे लोगों से दो कार पांच बाइक व 14 लाख रुपए बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 2 नवम्बर।** जंगल में जुवाडियो की फ्ड़ पर पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए सफ्लता मिली है परंतु पकड़े गए आरोपियों से पुलिस को मामूली रकम सहित मौका स्थल से दर्जनों मोटर साइकिल को जप्ती बनाने में सफ्लता मिली है वहीं रात में अंधेरे का फ़ायदा उठा जंगल के रास्ते दर्जनों जुवारी भाग गए. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 29 अक्टूबर 2024 को चौकी मोहारा को सूचना मिला कि ग्राम बनबोड़ से जंगल जाने के आम रास्ता के पास में मोमबत्ती की रोशनी में कुछ व्यक्ति रूपये पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर चौकी प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत के बाद मार्ग निर्देशन व एसडीओपी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर टीम गठित कर ग्राम बनबोड़ से जंगल जाने के आम रास्ता के पास स्थित कलामंच के पास पंहूचे जहां कुछ व्यक्ति जुआ खेलते मिला जिसे घेराबंदी कर आरोपी चिरौजी पिता देवादास उम्र- 35 साल, निवासी नयापारा अछोली थाना डोंगरगढ़, देवा लहरे पिता सुखीराम लहरे उम्र- 32 साल निवासी बेलगांव थाना डोंगरगढ़, विकास कोसरे पिता प्रकाश कोसरे उम्र- 27 साल साकिन अर्जुनी थाना डोंगरगांव, मेवाराम बंजारे पिता शंकर लाल उम्र- 32 साल साकिन ग्राम बेलगांव थाना डोंगरगढ़, तारिक खान पिता आमीन खान उम्र- 23 साल साकिन ग्राम खपरी थाना ठेलकाडी जिला खैरागढ़, धमेन्द्र यादव पिता डोमार यादव उम्र- 23 साल साकिन मोतीपुर चौकी चिखली राजनांदगांव पकड़े गए व अन्य आरोपी अंधेरे एवं जंगल पहाड़ का फायदा उठाकर भाग गये। रेड कार्यवाही दौरान मौके से 52 पत्ती ताश, नीला रंग का दरी, नगदी रकम- 3020/-रू0 एवं 03 मोबाईल, 02 नग कार व 05 नग दोपहिया वाहन जुमला किमती-1488020/-रू को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध छ0ग0 जुआ प्रति0 अधि0 2022 की धारा- 3 एवं 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक ढाल सिंह साहू, प्र0आर0 काशीराम साहू, आरक्षक मनीष सोनकर, विनोद वर्मा, मनीराम ठाकुर, ऋषि दास, अश्वनी कुर्रे का विशेष योगदान रहा है।



### पुलिस ने दो स्थाई वारंटियों को पकड़ा

ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। साथ ही विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की लगातार खोजबीन जारी है तथा इनके छुपने के संभावित ठिकानों पर पुलिस द्वारा लगातार दबिश भी दी जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 30.10.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा 02 स्थाई वारंटियों को पकड़ा गया है। दोनों स्थाई वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम हेम कुमार रजक उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सलोनी थाना सिटी कोतवाली आकाश माथूर 18 वर्ष निवासी ग्राम छेरकापुर थाना पलारी है।

### कलेक्टर ने राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं, घर के बाहर दीये जलाने की अपील

**बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर सोनी ने कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के आज 24 वर्ष पूरे हो गए हैं। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। हमारा बलौदाबाजार भाटापारा जिला भी इससे अछूता नहीं रहा है। उन्होंने आगे कहा कि विकसित जिले के निर्माण में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हम सब प्रदेश एवं जिले को आगे ले जाने और विकास का नया अध्याय लिखने का संकल्प लें। इसके साथ ही सोनी ने जिले वासियों से अपील की है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic,in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना:-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क/भवन कार्य हेतु दिनांक 08.11.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | एन.आई.टी नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 98 | 160656 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत 01 नग मुख्य जिला मार्ग एवं 04 नग ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 79.93 लाख |
| 02 | 99 | 160657 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत 01 नग मुख्य जिला मार्ग एवं 03 नग ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 79.97 लाख |
| 03 | 100 | 160658 | उप-संभाग क्र. 01 कोण्डागांव के अंतर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 25.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
**ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्र. 01 एवं 02 के लिए)**
**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-08.11.2024।**
नोटः- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी-242503540/4



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र, जगदलपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोधघाट जगदलपुर में स्थित सामान्य आवास योजनान्तर्गत भवन क्र. एल.आई.जी.-57 जो कि श्री सुनील चेरियन पिता स्व. श्री के.सी. चेरियन को मण्डल द्वारा आबंटित है। श्री सुनील चेरियन पिता स्व. श्री के.सी. चेरियन के द्वारा 1. श्री देवेश भदौरिया पिता- श्री बृजेन्द्र सिंह एवं 2. श्री राजेश कान्त पिता- श्री दीनानाथ झा एवं 3. ज्योतिश्वर कुरूप पिता टी.व्ही. मोहन एवं 4. जमील अहमद खान पिता- तबीब अहमद एवं 5. मोहम्मद याकूब सिध्दिकी पिता मोहम्मद इलियास सिध्दिकी को विक्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध की छायाप्रति जमा किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को नामान्तरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक पश्चात् प्राप्त मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-जगदलपुर



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)**
Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID-eejag-phe-cg@nic.in

निविदा क्रमांक/01/वलेलि/का.अ./लो.स्वा.या.वि. खण्ड/2024 — जगदलपुर, दिनांक 23.10.2024

**''मैनुअल पद्धति निविदा सूचना''**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला बस्तर के अंतर्गत विभिन्न विकासखण्ड में बसाहटों में नलजल स्त्रोत निर्माण हेतू 150 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे नलकूपों का खनन एवं उससे संबंधित कार्यों हेतु समूहवार मुहरबंद निविदाऐं दिनांक 18.11.2024 तक आमंत्रित की जाती है। 06 समुहों की कुल निविदा लागत रू. 37.80 लाख है। प्रत्येक समूहवार अमानत राशि क्रमशः 5000.00 है। निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रत्येक समूह का रू. 750.00 है। निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 12.11.2024 है।

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 12.11.2024 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएँ केवल स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक/रजिस्ट्री पोस्ट आफिस के माध्यम से ही स्वीकार्य किये जायेगें।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जगदलपुर

जी-242503553/4



**कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**
टाउन हॉल, खैरागढ़ रोड़, राजनांदगांव
फोन नं1 07744-226037, फैक्स नं. 07744-404893
ई-मेल-nigamrajnandgaon@gmail.com वेबसाईट-www.mcrjn.com

क्रमांक 139/जल/कार्यालय/2024-25 — राजनांदगांव, दिनांक 28/10/2024

**खुली नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत जल विभाग नल घर मोहारा फिल्टर प्लांट में अनुपयोगी कंडम सामग्रियों का खुली नीलामी किया जाना है। इस हेतु समस्त कबाड़ी व्यवसायियों/संबंधित फर्म/एजेंसियों से आग्रह है कि खुली नीलामी दिनांक 18/11/2024 को अपरांह 12.00 बजे नल घर मोहारा फिल्टर प्लांट परिसर में की जावेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु 2.00 लाख रू. का एफ.डी.आर./डी.डी. अमानती राशि के रूप में दिनांक 14/11/2024 तक जमा करना होगा। साथ ही 5000.00 रू. जमा कर नगर निगम से रशीद प्राप्त करना होगा। जो कि वापस नहीं होगा। राशि जमा न करने की स्थिति में नीलामी में बोली नहीं लगा सकेगा। कंडम सामग्री का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सामग्री का नाम | बाजार दर प्रति कि.ग्रा. में |
|---|---|---|
| 1 | लोहा | 32 रुपये |
| 2 | टीना | 20 रुपये |
| 3. | एल्युमिनियम | 110 रुपये |
| 4 | पीतल | 450 रुपये |
| 5 | तांबा | 600 रुपये |

उपरोक्तानुसार समस्त कंडम सामग्रियों का खुली नीलामी किया जाना है।
शर्तेः-
1. अमानती राशि 2.00 लाख जमा उपरांत एक व्यक्ति ही नीलामी में भाग ले सकेगा।
2. नीलामी उपरांत 25 प्रतिशत राशि जमा करना होगा एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 07 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा।
3. नीलामी उपरांत 07 दिवस के भीतर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में 25 प्रतिशत राशि राजसात किया जावेगा।
4. नीलामी से प्राप्त सामग्री को बोलीकर्ता द्वारा अपने स्वयं के व्यय से ले जाना होगा।
5. नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन के साथ जी.एस.टी. एवं पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2024/1548/207 — भिलाई, दिनांक 28/10/2024

**E-procurement Tender Notice**
**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत प्रमुख सड़कों में प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 160570 | 39.94 लाख | 18.11.2024 |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन जमा की जाये। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरें ऑनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
परियोजना

## वन मंत्री ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

रायपुर, 2 नवम्बर। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन, सहकारिता एवं कौशल विकास और संसदीय मंत्री श्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री कश्यप ने प्रदेशवासियों को दिए अपने शुभकामना संदेश में कहा कि सांस्कृतिक व पारंपरिक विरासतों को अपने में समेटे बस्तर के तीज-त्यौहार व मेला-मड़ई विश्व विख्यात है, पूरा भारतवर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को दीपावली त्यौहार के रूप में बनाते हैं वहीं बस्तर अंचल के आदिवासी समाज के द्वारा नई फसल के आगमन पर मां लक्ष्मी की आराधना सुमिरन में लक्ष्मी जगार, लक्ष्मी विवाह का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि आदिकाल से गौ-माता की पूजा-अर्चना कर पशुधन को खिचड़ी खिलाकर बड़े हर्षोल्लास के साथ अपने समाज के सगाजनों को न्योता देकर आपसी सद्भाव व सामाजिक समरसता के साथ दियारी त्यौहार मनाते हैं।



















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26